आज का मौसम | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:19

तापमान
अधिकतम 33.0
न्यूनतम 22.2

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्ष-50 | अंक-259 | सोमवार 19 सितम्बर, 2022 | आश्विन, कृष्ण पक्ष, नवमी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

घोटालों में व्यस्त रहती थीं कांग्रेस की सरकारें : रमापति राम त्रिपाठी

छोड़ो कल की बातें.....
कल की बात पुरानी....

अग्निवीर भर्ती की तैयारी पूर्ण, आज से मेरठ रोड पर यातायात रहेगा बंद

➲ 20 सितम्बर से नुमाइश ग्राउण्ड में शुरू होनी है भर्ती प्रक्रिया
➲एसएसपी ने अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण
➲जनपद को 05 जोन तथा 09 सेक्टर में विभाजित किया गया

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। शहर के नुमाइश ग्राउण्ड में 20 सितम्बर से शुरू होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती की तैयारियां पूर्ण हो गयी हैं। इसी कड़ी में सोमवार से मेरठ रोड पर यातायात को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसएसपी ने प्रशासनिक और सैन्य अधिकारियों के साथ भर्ती स्थल का निरीक्षण कर सुबह से ही पुलिस ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये हैं। मेरठ रोड से गुजरने वाला यातायात अगले एक माह तक वैकल्पिक मार्गों से निकाला जायेगा।

अग्निवीर सेना भर्ती को सकुशल सम्पन्न कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत आज एसएसपी विनीत जायसवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में अग्निवीर सेना भर्ती ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को ब्रीफ किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ब्रीफिंग में उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को बताया कि कई वर्षों बाद होने जा रही सेना भर्ती में अभ्यर्थियों की अधिक भीड़ रहने की सम्भावना है। एसएसपी ने समस्त पुलिसकर्मियों को समय से अपने-अपने कार्यस्थल पर पहुंचने, सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने, शालीनतापूर्ण व्यवहार रखने, अराजक तत्वों पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने, सेना भर्ती हेतु आए अभ्यर्थियों की हरसम्भव सहायता करने तथा किसी भी छोटी-बड़ी सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिले को 5

शेष : पृष्ठ ४ पर

यहाँ से गुजरेगा मेरठ रोड का ट्रैफिक

मुजफ्फरनगर। अग्निवीर भर्ती के लिये शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए रूट डायवर्जन किया गया है। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि जनपद में होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती के दृष्टिगत 19 सितम्बर से 13 अक्टूबर तक यातायात प्रबन्धन बनाए रखने हेतु रूट डायवर्जन किया गया है। इस अवधि में सुजडु चुंगी से मिनाक्षी चौक व मिनाक्षी चौक से सुजडु चुंगी को आने-जाने वाले मार्ग पर हल्के व भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। केवल सेना भर्ती से सम्बन्धित वाहन एंव आवश्यक वस्तु सामग्री वाहन ही अनुमन्य होंगे। मेरठ से आने-जाने के लिए मिनाक्षी चौक से महावीर चौक-सर्कुलर रोड होकर सुजडू-वहलना मार्ग का प्रयोग किया जाएगा। जाट कॉलोनी के निवासी एवं अन्य जाट कॉलोनी में प्रवेश व निकास हेतु सर्कुलर रोड का प्रयोग करेंगे।

यातायात व्यवस्था का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस एवं सेना के अधिकारियों के साथ स्टेडियम तथा नुमाईश ग्राउण्ड का निरीक्षण किया और सेना भर्ती हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों ने भर्ती के दौरान ग्राउण्ड की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने हेतु बनाए गए ड्यूटी प्वाइंट्स, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल तथा भर्ती स्थल पर अभ्यर्थियों हेतु की गयी जलपान, प्रकाश एवं चिकित्सा व्यवस्था तथा ग्राउण्ड तक पहुंचने के लिए की गयी यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया।

अग्निवीर भर्ती के लिए जनपद पहुंचे युवा व स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधिकारी। फोटो बुलेटिन

हवस में कलंकित किये रिश्ते
चाचा ने बनाया पांच साल की भतीजी को हवस का शिकार

मुजफ्फरनगर, १८ सितम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति ने रिश्तों को शर्मशार करते हुए अपनी ५ वर्षीया भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित बालिका के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़ित बालिका का मेडिकल कराया। पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार नई मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची को उसका चाचा वलेहसन रात्रि के समय बहला फुसलाकर गांव में स्थित खाली प्लॉट में ले गया। आरोप है कि आरोपी चाचा ने अपनी भतीजी के साथ प्लॉट में ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। बच्ची को रात्रि में ही उसके परिजन थाने लेकर आए और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं बच्ची का मेडिकल करा दिया है।

घाटी में 30 साल बाद सिनेमा की वापसी

नई दिल्ली, 18 सितंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में करीब तीस साल बाद लोग फिर से मल्टीप्लेक्स में सिनेमा का आनंद उठा सकेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को पुलवामा और शोपियां में एक-एक मल्टीप्लेक्स का उद्घाटन किया। इसी के साथ अब जम्मू-कश्मीर के लोग सिनेमाघरों में बैठक फिल्में देख सकेंगे। केंद्र शासित प्रदेश की ओर से कहा गया है कि अनंतनाग, श्रीनगर, बांदीपोरा, गांदरबल, डोडा, राजौरी, पुंछ, किश्तवाड़ और रियासी में जल्द ही सिनेमा हॉल का उद्घाटन किया जाएगा। मल्टीप्लेक्स के उद्घाटन के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के ऑफिस ने ट्वीट कर कहा, जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के लिए आज का दिन एतिहासिक है। पुलवामा और शोपियां में बहुउद्देशीय सिनेमा हॉल मूवी स्क्रीनिंग, इंफोटेनमेंट और युवाओं के कौशल से लेकर कई सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

गांधी कॉलोनी पुल के पास रेल ट्रैक पर फंसा ट्रक तो मचा हड़कंप

➲गलती से माल प्लेटफार्म पर पहुंच गया गुजरात से हरिद्वार जा रहा ट्रक
➲प्लेटफार्म पर मोड़ते समय फिसल कर माल गाड़ी वाले रेल ट्रैक पर पहुंचा
➲खाली इंजन का परीक्षण करने के बाद कॉशन देकर निकाली गई ट्रेन

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। एक अजीबो गरीब मामले में गांधी कॉलोनी व साकेत साइड में बने रेलवे ट्रैक पर गलती से पहुंचा सोलह टायरा बड़ा ट्रक बैक करते समय रेलवे लाइन पर उतर गया। गनीमत यह थी कि यह ट्रैक माल गाडी का था। हालांकि इसका कुछ हिस्सा आगे तक निकलने के बाद ऐहतियात के तौर पर इंजन वहां से निकाल कर देखा गया। इसके बाद रेलगाड़ियों को कॉशन के साथ वहां से निकाला गया। इस घटना के बाद रेलवे अधिकारियों व रेलवे पुलिस में हड़कंप मच गया। बाद में ट्रक को वहां से हटाने के लिए हाईड्रोलिक मशीन मंगाई गई।

गांधी कॉलोनी पुल के पास बने माल प्लेटफार्म के पास आज देर शाम अजीब हादसा हो गया। बताया गया है कि गुजरात से प्लास्टिक पाउडर लेकर चला एक सोलह टायरा ट्रक प्लेटफार्म पर बैक करते समय ट्रैक पर फंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक के चालक का कहना है कि वह गुजरात से हरिद्वार के लिए चला था। यहां आकर वह रास्ता भटक गया और पूछताछ के बावजूद वह भटकते हुए गांधी कॉलोनी पुल के नीचे से होते हुए पुल के नीचे बने माल प्लेटफार्म पर पहुंच गया। वहां से वह आगे बढ़ा तो उसे पता चला कि आगे जाने का रास्ता नहीं है। तब उसने ट्रक को मोड़ने का प्रयास किया तो ट्रक प्लेटफार्म से फिसलकर उसके बराबर में बने रेलवे ट्रैक पर जाकर फंस गया। वहां फंसने के बाद उसके वापस प्लेटफार्म पर लौटने का रास्ता भी बंद हो गया क्योंकि ट्रक रेलवे ट्रैक के आरपार फंसा था। इसके वहां फंसने के बाद लोगों ने पुलिस और रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। रेलवे ट्रैक पर ट्रक के फंसने की सूचना पर रेलवे अधिकारियों और आरपीएफ अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। आरपीएफ इंस्पेक्टर मनोज शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्हें यह देखकर थोड़ा संतोष हुआ कि ट्रक माल गाड़ी वाली पटरी पर फंसा था। हालांकि इसका काफी हिस्सा काफी पीछे तक निकला था। इसे देखते हुए तमाम रेलगाड़ियों को वहां आने से रोकने की सूचना आसपास के स्टेशनों को दे दी गई। इस

शेष : पृष्ठ ४ पर

रेलवे ट्रैक पर ट्रक फंसने की घटना के बाद मौके पहुंची लोगों की भीड़ व रेलवे पुलिस।

रेलवे के मालगाड़ी ट्रैक पर फंसा ट्रक व मुख्य ट्रैक पर परीक्षण के लिए निकाला गया इंजन।

पंजाब पुलिस ने दी खालापार में दबिश

➲स्क्रेप चोरी के आरोपी की थी तलाश➲कोतवाली पुलिस को नहीं दी जानकारी

मुजफ्फरनगर, १८ सितम्बर (बु.)। स्क्रेप चोरी के आरोपी की तलाश में आज पंजाब पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला खालापार में दबिश दी। पंजाब पुलिस ने इस दबिश की जानकारी शहर कोतवाली पुलिस को नहीं दी। काफी देर बाद जब शहर कोतवाली पुलिस को पंजाब पुलिस की दबिश की जानकारी मिली, तो कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कोतवाली पुलिस के पहुंचने के बाद पंजाब पुलिस मौके से चलती बनी। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पंजाब पुलिस की टीम सिविल ड्रेस में शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला खालापार में पहुंची और कई स्थानों पर दबिश दी। पंजाब पुलिस ने इस दबिश की जानकारी शहर कोतवाली पुलिस को नहीं दी और न ही अपनी आमद दर्ज कराई। पंजाब पुलिस कई घंटों तक छापेमारी करती रही। सादे कपड़ो में हथियारबंद लोगों के खालापार में छापेमारी करने की जानकारी किसी ने शहर कोतवाली पुलिस को दी, जिस पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। शहर कोतवाली पुलिस के मौके पर पहुंचने पर पंजाब पुलिस मौके से चलती बनी। पुलिस सूत्रों का कहा है कि पंजाब पुलिस को स्क्रेप चोरी के मामले में किसी की तलाश थी। गौरतलब है कि दूसरे राज्यों की पुलिस द्वारा बगैर स्थानीय पुलिस को सूचना दिये दबिश देना आम बात बनती जा रही है।

या हुसैन, या हुसैन की सदाओं के बीच मातम

➲इमाम हुसैन के चेहल्लुम में जार-जार रोए शिया सोगवार

मुजफ्फरनगर, १८ सितम्बर (बुस.)। मुजफ्फरनगर में चेहल्लुम ए इमाम हुसैन के मौके पर मजलिस (शोक सभा) के बाद जुलूस निकला, जिसमें या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच शिया सोगवारों ने मातम और नोहाख्वानी (शोक गीत) की। शहर के कई रास्तों से होता हुआ जुलूस सादात हास्टल पहुंचा। इससे पहले नदीवाला प्रेमपुरी इमामबारगाह में मजलिस हुई, जिसमें शोहदा ए करबला (करबला के शहीद) को खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की गई। शनिवार रात में इमामबारगाह आरफी में शब-ए-बेदारी का आयोजन किया गया, जिसमें रात भर इमाम हुसैन और उनके जां नशीनों की बेहिसाब कुर्बानियों को याद किया गया।

अंजुमन दुआए जहरा के संस्थापक इंतजार हुसैन जैदी ने बताया कि रविवार को हजरत इमाम हुसैन व उनके जांनशीनों की शहादत की याद में मजलिस ए चेहल्लुम आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि मजलिस २ बजे प्रेमपुरी इमामबारगाह में शुरू हुई, जिसकी शुरुआत मो. मशाहेदी की सोजख्वानी से हुई। मजलिस को मौलाना आलम ने खिताब (संबोधन)

शेष : पृष्ठ ४ पर

चेहल्लुम के अवसर पर जंजीरों से खुद को लहूलुहान करते शिया सोगवार

सामान भेजने के नाम पर महिला बिल्डर से लाखों रुपये की ठगी

➲नई मंडी थाने में दर्ज हुआ दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। एक बिल्डर कम्पनी की मालकिन ने दो लोगों पर सामान भेजने के नाम पर लाखों रुपयों की ठगी करने का आरोप लगाते हुए नई मंडी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

भोपा थानाक्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी प्रभात तोमर की पत्नी संगीता मैसर्स अनंत बिल्डर्स फर्म की प्रोपराइटर है। यह फर्म सरकारी विभागों में ठेकेदारी करती है। नई मंडी कोतवाली में तहरीर देते हुए संगीता ने बताया कि उनकी फर्म मैसर्स गौरव कांट्रेक्टर फर्म से चारकोल समेत अन्य सामान खरीदती है। इस फर्म का कार्य गौरव सिंघल और उसका चाचा अनिल सिंघल निवासी कंबलवाला देखते हैं। पीड़िता ने बताया कि उनके पति प्रभात तोमर की उक्त लोगों से अच्छी जान पहचान है, जिस कारण वह उक्त फर्म से सामान खरीदते आ रहे हैं। संगीता ने बताया कि उनकी फर्म का निर्माण कार्य के लिए चारकोल की आवश्यकता थी। इसके चलते उन्होंने गौरव कांट्रेक्टर से संपर्क किया। उन्होंने सामान खरीदने के लिए 18 मई 2020 को उक्त फर्म के खाते में दस लाख रुपये आरटीजीएस कर दिए। काफी समय तक माल नहीं मिला, तो उक्त फर्म के मालिक से संपर्क किया गया। फर्म के मालिक ने और रुपये देने के लिए कहा। इसके चलते 2.26 लाख रुपये और भेज दिए। आरोप है कि रुपये भेजने के बाद भी मैसर्स गौरव कांट्रेक्टर ने सामान नहीं भेजा। संगीता ने बताया कि वह बीते माह उक्त लोगों से मिली और रुपये वापस मांगे, लेकिन गौरव और अनिल सिंघल ने रुपये वापस देने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ
अब आपके शहर मुजफ्फरनगर में
बुधवार, 21 सितम्बर 2022 को
(ओपीडी - प्रत्येक महीने का पहला व तीसरा बुधवार)
इन रोगों के लिए सुविधा उपलब्ध है :-

Headache	सिरदर्द, माइग्रेन
Head Trauma	सिर की चोट
Brain Tumour	दिमाग का कैंसर
Brain Stroke (Paralysis)	लकवा
Low Back Pain	कमर दर्द
Epilepsy	मिर्गी के दौरे
Memory Loss	याददाश्त की कमी
Dizziness	चक्कर आना

ओपीडी समय 10 से 2 बजे तक

हाथ-पैरों में नसों की समस्या एवं दिमाग व रीढ़ की हड्डी के समस्त रोगों के लिए सम्पर्क करें।
डॉ. विशाल जैन
MBBS, MS, MCh
Senior Neurosurgeon
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें :-
9310774376, 8010021072
9717399987
Primus Hospital
New Delhi
बच्चों में मानसिक सामान्य विकास में कमी, सीखने की क्षमता
CEREBRAL PALSY, AUTISM, ADHD आदि समस्याओं का इलाज।
पता :-
बंसल नर्सिंग होम
37/3, सिविल लाइन, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

चेयरमैन के वित्तीय अधिकार मामले में शासन ने मांगी आख्या

➲हाईकोर्ट के आदेश के दो सप्ताह बीतने को आए, नहीं बहाल हुए वित्तीय अधिकार

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पालिकाध्यक्ष के वित्तीय अधिकार सीज करने के मामले पर जहां कोई फैसला नहीं हो सका है, वहीं शासन ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल द्वारा पहले दिए गए जवाब पर जिला प्रशासन से आख्या मांगी है।

नगर पालिका में टिपर घोटाले समेत कई मामलों में पालिकाध्यक्ष के खिलाफ की गई जांच में उन्हें वित्तीय अनियमितताओं का दोषी पाए जाने के बाद शासन ने चेयरमैन के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे। इसके बाद पालिकाध्यक्ष ने शासन के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने शासन के वित्तीय अधिकार के आदेश पर रोक लगाते हुए आदेश दिया था कि दो सप्ताह के अंदर पालिकाध्यक्ष द्वारा दिए गए जवाब और उनका परीक्षण करने के बाद इस मामले में कोई निर्णय लें। इस आदेश को दो सप्ताह का समय बीतने को आया, लेकिन अभी तक पालिकाध्यक्ष के वित्तीय अधिकार बहाल नहीं हो सके हैं। माना जा रहा है कि शासन स्तर पर हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर आगे कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। इसके चलते वित्तीय अधिकारों को सीज कने के आदेश को चुनौती देते समय अंजू अग्रवाल द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल जवाब का परीक्षण किया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष ने टिपर वाहन घोटाले समेत जिन चार बिंदुओं पर अधिकार सीज किए गए थे उन आरोपों के जवाब भी हाईकोर्ट में दाखिल किए थे। पालिकाध्यक्ष ने कोर्ट में दावा किया था कि अधिकार सीज करने से पहले उनका पक्ष नहीं सुना गया। इसके बाद हाईकोर्ट ने तमाम साक्ष्यों के आधार पर शासन के वित्तीय अधिकार के आदेश को खारिज करते हुए फैसला दिया गया कि दो सप्ताह के अंदर पालिकाध्यक्ष द्वारा दिए गए जवाब और उनका परीक्षण करने के बाद ही निर्णय ले। सोलह दिन बीतने के बावजूद शासन ने वित्तीय अधिकार बहाली पर तो कोई फैसला नहीं सुनाया है। इसके बाद अनुसचिव महावीर प्रसाद नगर विकास विभाग के 15 अगस्त को भेजे गए पत्रांक 1091 के तहत पालिकाध्यक्ष द्वारा दिए गए चार बिंदुओं के जवाब का प्रति परीक्षण कर डीएम से आख्या देने को कहा है। डीएम के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ इसका जवाब तैयार करने में लगे हैं। इस बीच पालिकाध्यक्ष शासन के आदेश की प्रतीक्षा कर रही हैं। वित्तीय अधिकार बहाल ना होने के कारण पालिका के तमाम काम रुके पड़े हैं। ऐसे में आम जनता और शिकायतकर्ता भी शासन के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

हाजरी घोटाला प्रकरण पर ईओ ने मांगे कई सवालों के जवाब

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। नगर पालिका परिषद में हाजरी घोटाले की शिकायत के बाद अपर मंडलायुक्त प्रशासन डीपी सिंह ने जहां पालिका को नई उपस्थिति पंजिका बनाकर आगे कार्य करने को निर्देशित किया है, वहीं कमिश्नर द्वारा जारी पत्र को लेकर पालिका के अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह ने प्रभारी कार्यालय अधीक्षक कु.पारुल यादव को लिखे पत्र में मंडलायुक्त द्वारा मांगे गए जवाबों पर आख्या देने को कहा है। अधिशासी अधिकारी ने कहा है कि शिकायत के अनुसार आशु लिपिक गोपाल त्यागी द्वारा माह अगस्त में कई तिथियों में उपस्थिति पंजिका पर उपस्थिति दर्ज करने के बाद ओवर राइटिंग कर आकस्मिक अवकाश में बदला गया है। यह स्थिति अत्यंत आपत्ति जनक और कर्मचारी सेवा नियमावली के विपरीत आचरण है। उन्होंने इस बात पर जवाब मांगा है कि निर्दिष्ट तिथियों पर उपस्थित दर्ज होने के बाद किस तरह ओवर राइटिंग कर आकस्मिक अवकाश में परिवर्तित किया गया। इसके अलावा गोपाल त्यागी द्वारा एक जनवरी 2022 से 14 सितंबर 2022 तक लिए गए आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश व चिकित्सा अवकाश संबंधी प्रार्थनापत्रों की मूल प्रतियां भी उपलब्ध कराने को कहा है। ईओ ने यह भी पूछा है कि क्या वेतन बिल तैयार करने से पूर्व उपस्थिति पंजिका में गोपाल त्यागी की उपस्थिति सत्यापित की गई थी अथवा नहीं।

इस सप्ताह का राशिफल
19 अगस्त से 25 सितम्बर 2022

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता अंकविज्ञानवेत्ता
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो. : 09335414722

चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ — नक्षत्र अश्वनी भरणी कृत्तिका, चरण 1234 1234 1

मेषः–सप्ताह में 19 से 20 सितम्बर के दिन 2/24 बजे तक आशाएँ फलीभूत होगी। आपसी वैमनस्यता में कमी आयेगी। आरोग्य सुख में वृद्धि होगी। निजी इच्छा की पूर्ति में उपस्थित व्यवधान समाप्त होगी। दाम्पत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। यश मिलेगा। तत्पश्चात् 22 तक समय निराशाजनक रहेगा। किसी मुद्दे को लेकर तनाव रहेगा। अर्थ पक्ष में हानि की संभावना रहेगी। मान-सम्मान में कमी रहेगी। व्यर्थ के भाग दौड़ में समय नष्ट होगा। वाद-विवाद की स्थिति रहेगी। 23 से 25 सितम्बर तक समय भाग्य के पक्ष में रहेगा। समस्या विशेष के समाधान में स्वयं का निर्णय लाभप्रद रहेगा।

ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो — नक्षत्र कृत्तिका रोहणी मृगशिरा, चरण 234 1234 122

वृषभः–सप्ताह में 19 से 22 सितम्बर तक दिनमान शुभ रहेगा। आर्थिक पक्ष में सफलता हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। वरिष्ठजनों की सलाह लाभकारी रहेगी। परिस्थितियों में सुधार होगा। सामाजिक क्रिया-कलापों में रुचि लेंगे। सुख-सुविधा के निमित्त खर्च करना पड़ेगा। सत्संग से आनन्द मिलेगा। दूर या समीप की यात्रा संतोषजनक रहेगा। धार्मिक गतिविधियों में रुचि रहेगी। 23 से 25 की सायं 6/18 बजे तक परिस्थितियाँ विपरीत रहेंगी। कार्यों के प्रति लापरवाही रहेगी। व्यवसाय में निराशा का सामना करना पड़ेगा। भौतिक सुख-सुविधा का अभाव रहेगा। क्रोध की अधिकता रहेगी। धन का लाभ नहीं मिल पायेगा।

का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा — नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुनर्वसु, चरण 34 1234 12 3

मिथुन–सप्ताह में 19 से 25 सितम्बर की सायं 6/18 बजे तक विविध पक्षों में अनुकूलता रहेगी। परिस्थितियाँ सुधार पर होंगी। धन संपत्ति विषयक मसला हल होगा। अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय करना पड़ेगा। जनसम्पर्क का सुअवसर मिलेगा। व्यक्तिगत क्षमता में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। जीवन में नवीन उपलब्धि हासिल होगी। दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण निर्णय लेने हेतु प्रयास जारी रहेगा। व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल रहेगा। कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में महत्वपूर्ण सफलता हासिल होगी। आकस्मिक यात्रा करनी पड़ेगी।

ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो — नक्षत्र पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा, चरण 4 1234 1234

कर्कः–सप्ताह में 19 से 20 सितम्बर के दिन 2/24 बजे तक प्रतिकूलता की स्थिति रहेगी। मित्रों-परिजनों से कष्ट होगा। जोखिम से नुकसान होगा। इच्छित योजना में व्यवधान रहेगा। सुख-शांति का अभाव अखरेगा। धनागम हेतु चिंतित रहेंगे। वाहन से भय रहेगा। शेष 25 सितम्बर तक समय लाभ में सहायक रहेगा। चिरवांछित कार्य बनने को होंगे। शारीरिक सुख मिलेगा। वाद-विवाद का समापन पक्ष में होगा। धर्म के प्रति आस्था रहेगी। व्यापारिक क्षेत्र में सफलता प्रगति की ओर अग्रसर रहेंगे। सामयिक सिद्धि हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। सुसंदेश मिलने से प्रसन्नता होगी। यश-मान प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न होगा। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क होगा। आपके हितैषी समय पर काम देंगे।

मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, ट — नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा., चरण 1234 1234 1

सिंहः–सप्ताह में 19 से 20 सितम्बर के दिन 2/24 बजे तक समस्याओं का समाधान होगा। शुभ-भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति मिलेगी। व्यवसायिक सफलता का सुअवसर प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण अनुकूल रहेगा। भविष्य के लिए योजना बनेगी। तदुपरान्त 22 तक अशांति का महौल रहेगा। विनियोजित धन का प्रतिफल नहीं मिल पायेगा। दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी। वाहन से चोट-चपेट की सम्भावना रहेगी। 23 से 25 सितम्बर तक समय भाग्य के अनुरूप रहेगा। श्रेष्ठजनों से सम्पर्क होगा। सुख के साधन उपलब्ध होंगे। मित्रों से गलतफहमियाँ दूर होने को होंगी। विरोधी हानि पहुँचाने की कोशिश में विफल रहेंगे। धार्मिक गतिविधियों की ओर आस्था रहेगी।

टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो — नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा, चरण 234 1234 12

कन्याः–सप्ताह में 19 से 22 सितम्बर तक मनोकामना पूर्ण होने को होगी। पराक्रम से कार्य सिद्धि होगी। स्वास्थ्य सुधार पर होगा। सद्विचारों का उदय होगा। विवादास्पद मसला सुलझने से खुशी होगी। प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क बढ़ेगा। राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता रहेगी। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य रहेगा। उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास होगा। आत्मिक शांति मिलेगी। 23 से 25 की सायं 6/18 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। पारिवारिक मतभेद उजागर होंगे। किसी से धोखा की आशंका रहेगी। ऋण के भुगतान की चिंता रहेगी। मित्रों-परिजनों में कटुता की स्थिति रहेगी। वाहन से दुर्घटना की आशंका रहेगी। शेष समय शुभ रहेगा। आहार-विहार में नवीनता की झलक रहेगी।

रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, त — नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा, चरण 34 1234 123

तुलाः–सप्ताह में 19 से 25 सितम्बर की सायं 6/18 बजे तक अभीष्ट सिद्धि का प्रयास होगा। किसी योजना को मूर्त रूप में परिणित कर सकेंगे। सहयोगियों से विचार-विनिमय होगा। राजनैतिक क्रिया कलापों की ओर रुझान रहेगा। नव उत्तरदायित्व का निर्वाह करना पड़ेगा। धनोपार्जन की ओर प्रवृत्ति रहेगी। धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि जागृत होगी। पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परोपकार की भावना रहेगी। कठिनाइयों का निराकरण हो सकेगा। सुख-साधन के निमित्त व्यय होगा। गलतफहमियाँ दूर होने से शांति मिलेगी। समय पर निजी जरूरतें पूरी हो जायेंगी। संत समागम होगा।



तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू — नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा, चरण 4 1234 1234

वृश्चिकः–सप्ताह में 19 से 20 सितम्बर के दिन 2/24 बजे तक समय अशुभ रहेगा। परिस्थितियों में व्यतिक्रम रहेगा। इच्छा की पूर्ति में विलम्ब होगा। कुछेक समस्यायें उलझने से अशांति का वातावरण रहेगा। विरोधियों से परेशानी का सामना करना पड़ेगा। लाभ का मार्ग अवरुद्ध रहेगा। शेष 25 सितम्बर तक समस्यायें सुलझने को होगी। योजना साकार होने को होगी। उन्नति का प्रयास सार्थक होगा। घरेलू सुख में उपस्थित व्यवधान समाप्त होगा। वाद-विवाद की निवृत्ति का प्रयास होगा। राजकीय पक्ष से सहयोग मिलेगा। अध्यावसाय की ओर रुझान रहेगा। मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए रकम की प्राप्ति होगी। इच्छित पद की प्राप्ति से परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा।

ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ़ा, ढ़े — नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा., चरण 1234 1234 1

धनुः–सप्ताह में 19 से 20 सितम्बर के दिन 2/24 बजे तक समय बेहतर रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। उपस्थित अड़चनें समाप्त होंगी। व्यक्तिगत परेशानी दूर होने को होगी। इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित होंगी। सुख के निमित्त व्यय होगा। तदनन्तर 22 तक कार्यों में व्यवधान रहेगा। स्वास्थ्य में व्यतिक्रम रहेगा। आर्थिक पक्ष को लेकर चिंतित रहेंगे। राजकीयपक्ष से कष्ट होगा। क्रोध की अधिकता रहेगी। अकेलेपन की अनुभूति होगी। यात्रा निराशाजनक रहेगी। 23 से 25 सितम्बर तक समय प्रगति में सहायक रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श होगा। किसी के माध्यम से पुराने विवाद का समापन होगा।

भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी — नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा, चरण 234 1234 12

मकरः–ससप्ताह में 19 से 22 सितम्बर तक अनुकूलता की स्थिति रहेगी। नवसम्पर्क का अवसर मिलेगा। शारीरिक-मानसिक कष्ट में कमी महसूस होगी। उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। मंगल आयोजन संपादित होगा। सुसंदेश मिलने से उल्लासमय रहेगा। बकाए रकम की वसूली होगी। सुसंदेश की प्राप्ति से परिवार में हर्षोल्लासमय वातावरण रहेगा। बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। शांति मिलेगी। 23 से 25 की सायं 6/18 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी रहेंगी। प्रियजनों स्वजनों से मनमुटाव रहेगा। घरेलू समस्याओं से परेशान रहेंगे। कर्ज से मन दुःखी रहेगा। धनागम का मार्ग अवरुद्ध रहेगा।

गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा — नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्र, चरण 34 1234 123

कुंभः–सप्ताह में 19 से 25 सितम्बर की सायं 6/18 बजे तक ग्रहयोग भाग्य के अनुकूल रहेगा। बुद्धि चातुर्य से कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। जीवन साथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। अपने स्तर को बनाये रखने के लिए अधिक व्यय करना पड़ेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन होगा। धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि रहेगी। राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता रहेगी। नवसमाचार मिलने को होंगे। यात्रा का प्रसंग उपस्थित होगा। शेष समय भाग्य के विपरीत रहेगा। कार्य में अड़चनें रहेंगी। लाभ में कमी रहेगी। दुर्जनों से कष्ट होगा। किसी से विश्वासघात की आशंका रहेगी। एकाग्रता का अभाव रहेगा।

दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची — नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती, चरण 4 1234 1234

मीनः–सप्ताह में 19 से 20 सितम्बर के दिन 2/24 बजे तक विचाराधीन योजना अधूरी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में विलम्ब होगा। परिवार में अशांति का वातावरण रहेगा। समस्याओं से चिंतित रहेंगे। पठन-पाठन में अरुचि रहेगी। आत्म विश्वास में कमी महसूस होगी। व्यर्थ भ्रमण होगा। शेष 25 सितम्बर तक दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। अधूरी या नवयोजना पर कार्यारम्भ हेतु स्वजनों-परिजनों से विचार-विमर्श होगा। स्थानान्तरण विषयक मसला हल होगा। प्रतियोगिता के क्षेत्र में नवीन उपलब्धि हासिल होगी। राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग मिलने को होंगे। धनागम का मार्ग प्रशस्त होगा। धार्मिक कृत्यों की ओर रुझान रहेगा। शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में विफल रहेंगे।

व्रत-त्योहार, जयंती : ◆ सोमवार, 19 सितम्बर- मातृ नवमी ◆ बुधवार, 21 सितम्बर- इन्दिरा एकादशी व्रत ◆ गुरुवार, 22 सितम्बर- द्वादशी श्राद्ध ◆ शुक्र वार, 23 सितम्बर- प्रदोष व्रत ◆ रविवार, 25 सितम्बर- स्नान-दानादि की पितृविसर्जनी अमावस्या।

अब ट्रेनों में खाली बर्थ की मिलेगी रियल टाइम जानकारी

-रोजाना सात हजार यात्रियों को होगा फायदा

नई दिल्ली, 18 सितंबर (वार्ता)। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब चलती ट्रेन में यात्रियों को वेटिंग या आरएसी टिकट को कन्फर्म करवाने के लिए टीटीई के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। दरअसल, रेलवे के नए हैंड-हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी डिवाइस) के जरिए पिछले चार महीनों में हर रोज औसतन लगभग 7000 वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट प्राप्त करने की सुविधा मिली है। रेलवे के अधिकारियों ने इसके बारे में जानकारी दी। दरअसल, रेलवे की नई डिवाइस हैंड-हेल्ड टर्मिनल-एचएचटी जोकि आईपैड के आकार में होती है, इसमें पहले से लोड की गई ट्रेनों के लिए यात्री आरक्षण चार्ट होते हैं। एचएचटी डिवाइस के जरिए पहले की तरह कागजी चार्ट से गुजरने के बजाय टिकट चेकिंग कर्मचारी बुकिंग पर रीयल-टाइम अपडेट के लिए इन उपकरणों के जरिए सीटों की जानकारी अपडेट कर सकते हैं। दरअसल, ट्रेन में मौजूद टीटीई के पास मौजूद एचएचटी डिवाइस इंटरनेट से कनेक्ट होती है। टीटीई जैसे ही किसी भी श्रेणी में खाली बर्थ मार्क करेगा। एचएचटी में दर्ज होते ही रेलवे स्टेशनों के पीआरएस और आईआरसीटीसी की वेबसाइट में दर्ज हो जाएगी। इसके साथ ही सबसे पहले स्वतः ही ट्रेन में वेटिंग या आरएसी टिकट शुरुआती नंबर के क्रम से कन्फर्म होते जाएंगे। अगर कन्फर्म होने के बाद भी बर्थ खाली रहती हैं, तो रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों में या ऑनलाइन ट्रेन के टिकट बुक किए जा सकते हैं। अभी तक ऐसी बर्थ खाली रहती थीं। खाली बर्थ वेटिंग या आरएसी नंबर और श्रेणी के अनुसार स्वत ही कन्फर्म होती जाएंगी।

तीन दिवसीय स्कॉउट एवं गाईड शिविर का समापन

मीरापुर, 18 सितम्बर (बु.)। कस्बे की शिक्षण संस्था बसन्त शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज के पंचमुखी महादेव मन्दिर में चल रहे तीन दिवसीय स्कॉउट एवं गाइड शिविर का विधिवत् समापन हो गया। शिविर के समापन पर छात्र-छात्राओं ने टेंट पिचिंग में निर्माण कला का प्रदर्शन किया। रविवार को बसंत शिक्षा सदन के तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर के समापन अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बच्चों की टेंट पिचिंग निर्माण कला का अवलोकन कर, उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उनकी सराहना की। शिविर में लगभग 20 टोलियां देश के महापुरुषों एवं शहीदों के नाम पर बनाई गई। जिनमें जूनियर व सीनियर वर्ग में अलग -अलग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली टोलियों को कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिविर में मुजफ्फरनगर से आये प्रशिक्षक अनुज कुमार व साक्षी रानी ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान मुख्य रूप से समाजसेवी अरुण शर्मा, दीपक कृष्णात्रेय, विद्यालय के उपप्रबंधक डॉ. मयूर नागर, प्रधानाचार्य शिवकुमार, वेदप्रकाश, शेखर प्रताप सिंह, ओमवीर, अनुज कुमार, लक्ष्मी समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

कचहरी स्थित प्राचीन शिव सिद्धपीठ में भागवद कथा का हुआ शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का पूरी धार्मिक परंपराओं के साथ शुभारंभ किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में शामिल होने के साथ में भक्ति और वैराग्य की कथा के साथ श्रीमद्भावत कथा द्वारा होने वाले कल्याण के मार्ग का पूर्ण आस्था के साथ श्रवण किया। कचहरी स्थित अति प्राचीन शिव सिद्ध पीठ जहां भगवान शिव की अति प्राचीन शिव पिन्डी जिस पर त्रिपुंड व चंद्र स्थित है, ऐसे दिव्य स्थान पर आज श्रीमद भागवद कथा का शुभारंभ पन्डित श्याम शंकर मिश्र (छांगे पन्डित)जी के मुखारविंद से हुआ। कथा आयोजक प्रवीण अरोरा ने बताया है कि कचहरी परिसर मे इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिस कारण सभी अधिवक्ताओं और कार्यरत सभी लोगों मे कथा के प्रति बहुत उत्साह है। आज के प्रसंग मे व्यास पीठ ने भागवद महात्म का विस्तार से वर्णन किया। आज के पूजन यजमान अंकित जैन सपत्निक रहे। व्यास पीठ का माल्यार्पण करके श्याम लाल बंसल, महेंदर कुमार गोयल पैट्रोल पम्प वाले, इंस्पेक्टर संजय गर्ग, राज कुमार एडवोकट, चंद्र मणि त्यागी एडवोकट द्वारा कथा का शुभारंभ कराया गया। इस दौरान राज कुमार बक्शी, डॉक्टर धर्मेंद्र, रामफल सिंह पुन्डीर, राजीव रहेजा, भुवनेश ग्रोवर, बृज मोहन वर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन मानव कल्याण परिषद के प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा किया गया। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का के शुभारंभ अवसर पर विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंदिर प्रांगण में धार्मिक परंपरा के साथ प्रातः बेला में जहां भव्य कलश यात्रा निकाली, जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश उठा कर धार्मिक परंपरा को निभाया। कथा के प्रथम दिन आचार्य पंडित श्याम शंकर मिश्रा जी महाराज उर्फ छांगा पंडित ने कहा कि वास्तव में कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से ही प्राणीमात्र और जीव का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि जहां श्रीमद्भागवत कथा का गुणगान होता है वहां प्रभु खुद भक्तों को दर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए विश्व कल्याण के संदेश के माध्यम से समाज को सद्मार्ग पर चलने की सीख के साथ हमें हमेशा प्रभु सिमरन के साथ जोड़कर जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया। श्रीमद्भागवत गीता से हम समाज में फैली हुई कुरीतियों से हमेशा दूर रह सकते हैं। युवा पीढ़ी को श्रीमद्भागवत कथा के साथ जोड़ना चाहिए तभी हम मजबूत समाज की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

चरथावल में महाराजा अग्रसैन डिग्री कॉलेज को स्थायी मान्यता मिली

चरथावल, १८ सितम्बर (बु.)। स्थानीय महाराजा अग्रसैन कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनिता रानी ने बताया कि महाराजा अग्रसैन कन्या महाविद्यालय पीजी चरथावल में छात्राओं के बीए व बीकॉम पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है तथा एमए (गृहविज्ञान) तथा एमकॉम में भी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय को मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से बीकॉम, एमकॉम, एमए (गृह विज्ञान) तथा बीए अतिरिक्त विषय (कम्प्यूटर विज्ञान व शिक्षा शास्त्र) विषयों में भी स्थायी मान्यताएं प्राप्त हो चुकी हैं। वर्तमान में चंद्रशेखर आजाद डिग्री कॉलेज चरथावल, ठाकुर सुबासिंह कॉलेज बिरालसी तथा सिद्धार्थ महाविद्यालय आखलौर के छात्र-छात्राओं की सेमेस्टर परीक्षाएँ भी महाविद्यालय में संचालित हो रही हैं। आगे उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जो छात्राएं बीए, बीकाम, एमकॉम तथा एमए (गृहविज्ञान) विषयों में महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहती हैं, वे छात्राएं शीघ्र महाविद्यालय में सम्पर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकतीं हैं। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति अध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश गर्ग तथा प्रबन्धक विनोद कुमार सिंघल भी मौजूद थे।

विशेषज्ञ सिंघल ने बताए हार्ट अटैक के छह उदाहरण

-फेडरेशन की जागरूकता गोष्ठी में दिए स्वस्थ जीवन के टिप्स

मुजफ्फरनगर, १८ सितम्बर (बु.)। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, आई.आई.ए., लघु उद्योग भारती एवं विभिन्न व्यापार संगठनों के तत्वावधान में हृदय रोगों से बचाव एवं समय से लक्षणों की पहचान करने के लिए एक सभा का आयोजन फेडरेशन भवन में किया गया, जिसमें वरिष्ठ हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभव सिंघल द्वारा उपस्थित व्यापारीगण एवं अतिथियों को जरूरी जानकारी एवं स्वस्थ जीवन के लिए सुझाव दिये गए। डॉ. अनुभव सिंघल द्वारा सभा को बताया गया कि हार्ट अटैक होने के छह मुख्य कारण डायबिटीज, तंबाकू का सेवन, सिगरेट, अनियंत्रित बी.पी., वंशानुगत तथा तनावयुक्त जीवनशैली हैं। विशेषकर डायबिटीज होने पर भी तम्बाकू या सिगरेट का सेवन हृदय के लिए बहुत हानिकारक होता है, जिस कारण बाईपास सर्जरी या स्टेंट डालने तक की परिस्थितियां बन जाती है। डॉ. अनुभव सिंघल ने जोर देकर कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक संतुष्टि का सही मेल होना जरूरी है, न कि जिम में सिक्सपैक, टोंड बॉडी बनाना। अच्छे स्वास्थ्य के लिए उचित आहार-विहार, अनुशासित, नियमित एवं संतुलित जीवन शैली, जैसे कि जल्दी सोना, जल्दी उठना, समय से एवं कम मात्र में भोजन, हल्का व्यायाम, योगासन आदि को अपनाकर बीमार होने से बचा जा सकता है। अधिक मात्रा में दवाइयां, मल्टीविटामिन, एंटिआक्सीडेंट्स आदि से शरीर को नुकसान पहुंचता है, अतः इनका उपयोग आवश्यक होने पर ही करना चाहिए। इस सभा की अध्यक्षता फेडरेशन अध्यक्ष रजनीश कुमार द्वारा की गयी। सभा में पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल, आई.आई.ए. अध्यक्ष विपुल भटनागर, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष राजेश जैन, रोलिंग मिल एसोसियेशन अध्यक्ष सतीश गोयल, इंडस्ट्रियल फोरम से के.एल. अग्रवाल, अंकुर गर्ग, मनीष अग्रवाल, मनीष भाटिया, दीपक सिंघल, राज शाह, पंकज जैन, नरेंद्र गोयल, रजनीश त्यागी, राहुल अग्रवाल, राहुल सिंघल, संजय मित्तल आदि उपस्थित रहे।

नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर स्वास्थ्य मेला का आयोजन

जानसठ, १८ सितम्बर (बु.)। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष संगठन के निर्देशानुसार जानसठ मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जानसठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर स्वास्थ्य मेला कैंप का आयोजन किया गया। रविवार को पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता रहे। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत के चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना ने किया। इस अवसर पर सीएससी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार अपने समस्त स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में आने वाले लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. सतीश खटीक, चिकित्सा प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक डॉ. विजेंद्र, मंडल महामंत्री धर्मेश सैनी, सभासद सुनील कश्यप, महेश चंद शर्मा, रामनिवास प्रजापति, रोहित खत्री, प्रशांत गर्चा, रजनीश सैनी, विशाल सैनी, मनदीप छाबड़ा, श्याम सुंदर वर्मा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मेघाखेड़ी में स्वास्थ्य मेला का पं. भगवान शर्मा ने किया उद्घाटन

मुजफ्फरनगर, १८ सितम्बर (बुस.)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा १७ सितंबर से २ अक्टूबर तक चल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सरवट मंडल के ग्राम मेघाखेड़ी में स्वास्थ्य मेला लगाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी सरवट मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी व भारतीय जनता पार्टी सरवट मंडल उपाध्यक्ष सीमित सेन ने संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि पंडित श्रीभगवान शर्मा जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर-१० व विजयपाल भाजपा नेता रहे। ग्रामवासियों ने मुख्य अतिथियों का फूलमाला पहनाकर व बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पंडित श्रीभगवान शर्मा ने बताया कि भारत सरकार की ओर से टीबी के मरीजों को ५०० रुपये प्रति माह व रोड पर एक्सीडेंट होने पर १ घंटे के अंदर घायल को अस्पताल में पहुंचाने पर पहुंचाने वाले को ५००० रुपये का इनाम भारत सरकार की ओर से दिया जाएगा, ऐसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

स्वास्थ्य मेले में किया मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में बीते 17 सितम्बर से आगामी 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक भाजपा की ओर से सेवा पखवाड़े के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान की इस कड़ी में रविवार को विशाल स्वास्थ्य सेवा स्वास्थ्य मेला का आयोजन पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। शिविर में सैंकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी शरण सिंह, डॉ. अरविंद पंवार, डॉ. प्रशांत, डॉ. लोकेश गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक कंसल, मंत्री रेनू गर्ग, पंचायत सदस्य श्रीभगवान शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश पाराशर, मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में उपस्थित संजय गर्ग, संजय अग्रवाल, कुलदीप गोयल, अखिलेश शर्मा, अजीत सिंह तोमर, डॉ. सत्यव्रत त्यागी, शैलेंद्र त्यागी, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. शरद कुमार, डॉ. शेखर पुंडीर, डॉ. शीशपाल सैनी, डॉ. जसवीर सैनी, डॉ. मुकेश, डॉ. सहदेव सिंह आर्य, सतीश, रूचि श्रीवास्तव, डॉ. देवेंद्र समेत स्वास्थ्य विभाग के डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अविनाश, डॉ. अंकुर कुमार, डॉ. अंकुर कुमार, डॉ. शेखर, डॉ. अशोक कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला व सफल संचालन डॉ. संदीप शर्मा जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इस बीच पूरे जनपद में 50 आरोग्य मेलों का आयोजन हुआ, जिनमें बड़ी संख्या में मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करने के साथ उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

सस्ते गल्ले की दुकान दो किमी दूर होने से आम नागरिक हुए परेशान

-पूर्व में भी कई बार शिकायत कर चुके राशन कार्डधारक

मीरापुर, १८ सितम्बर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला मुश्तर्क के राशन कार्डधारकों को राशन लेने के लिए करीब दो किमी दूर जाना पड़ता है। कार्डधारकों ने दुकान को नजदीक स्थानांतरित कराने की मांग की है। जानसठ के एआरओ पर कार्यवाही होने के बाद कस्बे के राशन कार्ड धारकों ने डीएम को पत्र भेजकर राशन की दुकान को नजदीक स्थानांतरित कराने की मांग की है। राशन कार्ड धारक शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि पूर्व में राशन डीलर हर्षदीप ने मौहल्ले में ही गोदाम बनाया हुआ था तथा कार्डधारकों को बिना किसी परेशानी के पूरा सामान मिलता था। सुरेशचंद ने बताया कि एआरओ ने हर्षदीप की दुकान को कैथोड़ा निवासी राशन डीलर जर्रार राना के यहां पर लगा दी गई थी। आरोप है कि उक्त राशन डीलर जर्रार की सस्ते गल्ले की दुकान कस्बे से करीब दो किलोमीटर दूर है, जहाँ वह राशन का वितरण करता है, जिससे बुजुर्ग लोगों को राशन लेने जाने में दिक्कत का सामान करना पड़ता है। राशन कार्ड धारक सलमा, रोशनी, ज्योति, राजबीरी, सपना, रूकैया, राजेश, महेंद्र, म

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

मदरसे, सर्वे और सियासत

मदरसों के सर्वे को कई इस्लामिक विद्वानों ने सरकारी काम कहा है और कोई एतराज नहीं जताया है, इसके अलावा कुछ लोगों ने अपनी-अपनी सोच के मुताबिक इस मामले पर विपरीत वक्तव्य भी दिये हैं, कुछ नेताओं ने सियासी ब्यानबाज़ी भी की है। दारुल उलूम देवबन्द की, उत्तर प्रदेश में चल रही मदरसा सर्वे को लेकर बैठक में दारुल उलूम देवबन्द ने सरकार के मदरसा सर्वे का समर्थन किया है। प्रदेश में मदरसा सर्वे को लेकर विपक्षी दलों की ओर से लगातार हमले हो रहे थे। दारुल उलूम देवबन्द ने बैठक में साफ़ कर दिया है कि सरकारी ज़मीन पर बने मदरसे ग़ैरक़ानूनी हैं। उन्हें हटा दिया जाना चाहिए। निजी ज़मीन पर बने मदरसे ही उचित हैं। दारुल उलूम देवबन्द ने प्रदेश के मदरसा संचालकों को सरकार की प्रक्रिया के समर्थन करने का ऐलान किया है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी अक्सर कहते हैं कि पूरी खुशहाली, समग्र विकास तभी संभव हैं, जब आप यह देखें कि मुस्लिम युवाओं के एक हाथ में क़ुरआन शरीफ़ है, तो दूसरे हाथ में कम्प्यूटर है। इसी बात को आधार बनाकर उत्तर प्रदेश का मदरसा बोर्ड प्रदेश के ग़ैर-मान्यता प्राप्त मदरसों की काया पलटने के दावे कर रहा है। 30 अगस्त को उत्तर प्रदेश सरकार ने एक आदेश पारित किया। सरकार ने सभी ज़िलों के डीएम से कहा कि वो ग़ैर-मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे करवाकर सरकार को इसकी जानकारी दें। मदरसों के सर्वे के योगी सरकार के आदेश पर राजनीतिक बयानबाज़ी शुरू हो गयी। ओवैसी ने सरकार की इस पहल के बारे में कहा, मदरसे संविधान के अनुच्छेद 30 के अनुसार हैं तो उत्तर प्रदेश सरकार ने सर्वेक्षण का आदेश क्यों दिया है? यह कोई सर्वेक्षण नहीं है बल्कि एक छोटा एनआरसी है। कुछ मदरसे उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड के अधीन हैं। आप क्यों शक़ कर रहे हैं मदरसों पर। राज्य सरकार हमारे अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। वे मुसलमानों को परेशान करना चाहते हैं। आपका मक़सद है इस्लाम को बदनाम करना। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का कहना है कि इन मदरसों से चरमपंथी गतिविधियां चलाई जा रही थीं। असम के एक नेता बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि 2024 के चुनाव नज़दीक हैं। उनके अनुसार मदरसे इसलिए तोड़े जा रहे हैं, ताकि मुसलमान 2024 के चुनाव में डरकर बीजेपी को वोट दे दें। इन घटनाओं और भाजपा शासित राज्यों में मदरसों से जुड़े आदेशों से बने माहौल के बाद मदरसों में मिलने वाली तालीम और आज के ज़माने में शिक्षा में उनकी भूमिका एक बार फिर से चर्चा में है। सरकारी आदेश के मुताबिक़ प्रदेश के सभी ज़िलों के ग़ैर-मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कर एक निर्धारित समय सीमा में एक निर्धारित फ़ॉर्मेट में सरकार को डाटा देने को कहा गया है। सर्वे में ग़ैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालन करने वाली संस्था, मदरसे की स्थापना की तारीख़, उसका स्टेटस यानी मदरसा निजी या किराए के घर में चल रहा है, मदरसे में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, पानी, फ़र्नीचर, बिजली, शौचालय के इंतज़ाम की जानकारी, छात्र-छात्राओं की कुल संख्या, शिक्षकों की संख्या, वहां पढ़ाया जाने वाला पाठ्यक्रम, मदरसे की आय का स्रोत, अगर छात्र किसी अन्य जगह भी पढ़ रहे हैं तो उसकी जानकारी और अगर सरकारी समूह या संस्था से मदरसों की संबद्धता है, तो उसका विवरण देने को कहा गया है। 10 सितंबर 2022 तक सभी ग़ैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे के लिए टीम का गठन होना है। सर्वे का काम 5 अक्टूबर 2022 को पूरा होना है और सभी डीएम 25 अक्तूबर तक सर्वे का डाटा उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराएंगे। मदरसा बोर्ड का कहना है कि सरकार मदरसों का आधुनिकीकरण करना चाहती है। मदरसों के आधुनिकीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार मदरसा टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट कराने की योजना बना रही है। उत्तरप्रदेश में कुल 16,500 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। जिनमें से 560 मदरसों को सरकार उनके शिक्षकों का वेतन देती है। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर इफ़्तख़ार अहमद जावेद कहते हैं, उत्तर प्रदेश में ऐसे कितने मदरसे हैं, जिनकी मान्यता नहीं है, उनकी गिनती नहीं हो पा रही है। समय-समय पर जब मदरसों पर उंगलियां उठती हैं तो फिर सवाल उठाते हैं कि यह कौन-सा मदरसा है? क्या यह मान्यता प्राप्त मदरसा है, या ग़ैर-मान्यता प्राप्त मदरसा है या फिर अनुदान से चलने वाला मदरसा है? हमारा रिकॉर्ड ठीक होना चाहिए। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। जिससे मालूम हो कि कितने मदरसे और हैं, ताकि आने वाले समय में उनको भी हम वो सुविधाएं दे सकें, जो हम दूसरे मदरसों के बच्चों को दे रहे हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के मदरसों से जुड़े बयान पर डॉक्टर इफ़्तिख़ार अहमद जावेद कहते हैं, मदरसों के बच्चों के बारे में प्रधानमन्त्री जी की मंशा साफ़ है, वे कहते हैं कि मदरसों के बच्चों के एक हाथ में क़ुरआन और एक हाथ में कंप्यूटर होना चाहिए। क़ुरआन से मतलब धार्मिक शिक्षा भी ग्रहण करें और कम्प्यूटर से मतलब है कि मॉडर्न एजुकेशन भी हासिल करें। वो अरबी, उर्दू पढ़ें, क़ुरआन पढ़ें, हदीस पढ़ें, लेकिन साथ ही साथ वो साइंस, मैथेमेटिक्स और विज्ञान भी पढ़ें। देश का इतिहास भी जानें इसी मक़सद से हम लोग लगातार मदरसों के माहौल को धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा की ओर बढ़ावा दे रहे हैं। भाजपा सरकार के एक हाथ में क़ुरआन, एक हाथ में कम्प्यूटर की सोच के बारे में मदरसा टीचर कहते हैं,तालीम कोई भी हो, तालीम से तो पीछे नहीं हटा जा सकता है। अगर सरकार यह कह रही है, तो अच्छी बात है। यह दौर की ज़रूरत है। इसे होना चाहिए और इसी से कामयाबी हासिल की जा सकती है। सरकार फ़िलहाल अनुदान पर चल रहे मदरसों में सिर्फ़ तनख्वाह का ख़र्च उठा रही है, तो क्या योगी सरकार को उससे आगे बढ़कर मदरसों को और सुविधाएँ देना चाहिए? मदरसों का आधुनिकीकरण बिल्कुल किया जाना चाहिए, लेकिन जो यहां बोर्ड है, या जो भी हुकूमत है, उसकी तरफ़ से अगर और सुविधाएं दी जाएंगी, तो ज़ाहिर सी बात है कि बच्चे और आगे जाएंगे हर एक एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में जो होता है, वो यहां भी होना चाहिए।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'सच्ची' 'अच्छी' 'जीवन' 'हम'
जो सच्ची हैं मगर हमको कभी अच्छी नहीं लगती,
हम ऐसी सारी बातों को अमूमन काट देते हैं।
जिन्हें हम खुद नहीं समझे, उन्हीं बातों को हम अक्सर,
ज़माने को बताने में ये जीवन काट देते हैं।

बीआरसी पर बरसों से जमे हैं दो बाबू, ट्रांसफर होता है तो रुकवा लेते हैं अपने रसूख से

बुढ़ाना, १८ सितम्बर (बु.)। स्थानीय बीआरसी पर दो बाबू कुंडली जमाए बैठे हैं। दो बार तबादला हो चुका है, लेकिन ये दोनों बाबू अपने रसूख से अपना तबादला रुकवा लेते हैं, जिसको लेकर शिक्षा से जुड़े लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना बीआरसी पर तैनात दो बाबू जिनमें से एक बाबू लगभग सात साल तो दूसरे बाबू को जमे हुए पांच साल हो गए। इन अवधियों में दो बार इन दोनों बाबूओं के समय-समय पर तबादले हुए, लेकिन इन्होंने अपनी पावर से ये तबादले रुकवा लिये। बताया जाता है कि शिक्षा विभाग के महानिदेशक विजय किरण आनंद ने बीते दिनों एक आर्डर पास किया था कि किसी भी बीआरसी भवन पर कोई भी बाबू तीन साल से अधिक समय तक नहीं रहेगा और उसका तबादला होगा, लेकिन यहां बीआरसी भवन में तैनात दो बाबू जोकि क्रमशः सात साल और पांच साल से तैनात हैं और अपनी मनमानी कर क्षेत्र के कुछ शिक्षकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। अगर कोई भी शिक्षक इनके खिलाफ कुछ बोलने की जुर्रत करता है, तो ये दोनों बाबू अपने आकाओं से उसका इलाज करवा देते हैं। इसलिए कोई भी शिक्षक इन बाबुओं के खिलाफ सामने आने को तैयार नहीं है। बस इसी कारण ये दोनों बाबू बुढ़ाना बीआरसी भवन में कुकुरमुत्ते की तरह जमकर मोटी मलाई खा रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ माह पहले तबादला लिस्ट बनी थी, जिस लिस्ट में इन दोनों बाबुओं के भी नाम थे, लेकिन इन दोनों बाबुओं ने एक मोटी रकम खर्च कर अपने तबादले रुकवाकर यह साबित कर दिया था कि उनको यहां से कोई भी नहीं हटा सकता। क्या शिक्षा विभाग कुकुरमुत्ते की तरह जमे इन बाबुओं का भी ट्रासंफर करेगा या फिर ये दोनों बाबुओं इसी तरह से अपनी मनमानी कर शिक्षकों का उत्पीड़न करते रहेंगे। इस संबंध में जब बीआरसी प्रभारी से बात करनी चाही, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

करबला के शहीदों की याद में हुआ चेहलुम

बुढ़ाना, १८ सितम्बर (बु.)। मोहर्रम के चालीस दिन बाद आज रविवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में हजरत इमाम हुसैन तथा करबला के शहीदों की याद में चेहलुम का मातमी जुलूस परंपरागत ढंग से निकाला गया। चेहलुम का जुलूस इमामबाड़े से जुलजुना, अलम और ताजिए के साथ शुरू हुआ, जो करबला में जाकर खत्म हुआ। जुलूस में नोहाख्वानी और मरसिया ख्वानी भी की गई। जुलूस में शिया समाज के लोग मातम करते हुए हजरत इमाम हुसैन और करबला के ७२ शहीदों को याद करते हुए चल रहे थे। इससे पूर्व एक मजलिस को खिताब करते हुए अंजुमन हुसैनी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने सच्चाई के लिए अपने परिवार और अपने साथियों को शहीद कर दिया, लेकिन जुल्मी शासक की अधीनता कबूल नहीं की। इस दौरान जहीर हसन, इरशाद हुसैन, रजा अब्बास, कौसर हसन, दिलावर मेंबर, अब्बास, शाहनवाज और हैदर आदि उपस्थित थे। इस दौरान यहां पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

खिलाड़ियों ने तहसील स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में दिखाया दम

-जय हिन्द इंटर कॉलेज चरथावल की टीम बनी हैंडबॉल चैंपियन

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। जनपद की हैंडबॉल टीम के चयनित प्रतिभागी मौहम्मद समद, आशु शर्मा, अमन त्यागी, मासूम, नजाकत, समीर, वंश राठौर, मिथुन सिंह, मनीष पाल, सनी बालियान, प्रिंस और आकाश का किया गया। उक्त चयनित टीम आगामी 28 सितम्बर को जीआईसी मैदान मुजफ्फरनगर में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। तहसील स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में जयहिंद इंटर कॉलेज चरथावल चैंपियन घोषित हुई। वहीं दूसरे स्थान पर केके इंटर कॉलेज बघरा और तीसरा स्थान किसान इंटर कॉलेज अलीपुर खेड़ी ने प्राप्त किया। माध्यमिक विद्यालय की तहसील स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर शुभारंभ विद्यालय के शिक्षक राकेश मलिक के कर कमलों से किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल के नियमों का पालन करते हुए टीम भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके अच्छे प्रदर्शन से जनपद का नाम ऊंचा होगा। इस अवसर पर डॉ. राहुल कुशवाहा, दीपक बालियान, गया प्रसाद प्रजापति, विनूज बालियान, रामकरण, अक्षय कुमार आदि का योगदान रहा। उक्त प्रतियोगिता के संयोजक प्रमोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज महलकी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि तहसील स्तर पर चयनित खिलाड़ी आगामी 28 सितंबर को जीआईसी मैदान पर ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

राउंड टेबिल के नेत्र शिविर में डेढ़ सौ मरीजों का पंजीकरण

-सर्जरी के लिए 72 मरीजों का किया गया चयन

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। राउंड टेबिल संगठन की ओर से आज जानसठ रोड स्थित स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल में लगाए गए निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में डेढ़ सौ मरीजों का पंजीकरण किया गया। इनमें 72 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चुना गया है। राउंड टेबिल इंडिया दिव्यांग की ओर से वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद के सहयोग से नेत्र जांच तथा मोतियाबिंद सर्जरी कैंप का आयोजन स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल जानसठ रोड पर किया गया। इस दौरान सुबह से ही मरीजों के आने का क्रम शुरू हो गया था। शिविर में कुल डेढ़ सौ मरीजों का पंजीकरण किया गया। जांच के बाद 72 मरीजों को सर्जरी के लिए चुना गया। उनका 22 सितंबर को गाजियाबाद में ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर के आयोजन में शिवांग कुच्छल, अभिषेक पालीवाल, चेयरमैन श्रेय गोयल, वाइस चेयरमैन अभिषेक पालीवाल, सेक्रेटरी अंकित गुप्ता,कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल तथा आईपीसी अंकुर गोयल का इस आयोजन में विशेष योगदान रहा।

सदस्यता अभियान के साथ सपा सम्मेलन की तैयारी शुरू

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। सपा सदस्यता अभियान जनपद भर में जोर शोर से चलने के साथ पूर्ण होने को ओर तेजी से अग्रसर है। इस कड़ी में सपा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय करने की दिशा में पूरी तरह गंभीर दिखाई दे रहा है, जिसके चलते कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दे रहा है। रविवार को सपा कार्यालय महावीर चौक पर सपा सदस्यता अभियान की कड़ी में सपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ सदस्यता अभियान की सफलता की इस बीच समीक्षा की। इसके साथ ही आगामी 28 सितम्बर को लखनऊ में आयोजित होने वाले सपा के प्रांतीय सम्मेलन व 29 सितम्बर को सपा के होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर जिम्मेदारी तय की। कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट के साथ इस दौरान मुख्य रूप से साजिद हसन, असद पाशा, डॉ. नूरहसन सलमानी, संदीप धनगर, शिवम त्यागी एड, अरशद मलिक के साथ सदस्यता अभियान की सफलता व सपा के प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों की सूची को अंतिम रूप देते हुए तैयारियों को लेकर सपा हाईकमान को रिपोर्ट भेजकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

भाजपा सरकार में लोगों को बेहतर चिकित्सा मिल रही

जानसठ, १८ सितम्बर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ७२वें जन्मदिवस के पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेश सरकार की ओर से गांव तेवड़ा और ककरौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला कार्यालय प्रभारी मनीष ऐरन रहे। स्वास्थ्य मेले के मुख्य अतिथि मनीष ऐरन ने कहा कि भाजपा सरकार का मकसद है कि बीमार गरीब लोगों का स्वास्थ्य केंद्र पर समय पर उपचार मिलना चाहिए। इसलिए सरकार की ओर से स्वास्थ्य मेले के आयोजन कराए जा रहे हैं। गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेले के संयोजक महेश शर्मा रहे, जबकि गांव ककरौली में मेले के संयोजक दिनेश सैनी रहे।

गीता पाठ और संत सेवा में जुटे श्रीकृष्ण कृपा परिवार के सदस्य

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज श्रीकृष्ण कृपा धाम वृन्दावन द्वारा संचालित जीओ गीता श्री कृष्ण कृपा परिवार, युवा चेतना एवं महिला मण्डल के द्वारा रविवार को श्री कृष्ण कृपा आश्रम शुकतीर्थ में श्री गीता जी का पाठ, छप्पन भोग व संत सेवा का भव्य आयोजन हुआ। इसमें सर्व प्रथम गणेश वंदना, महामन्त्र, गीता पाठ, भगवत स्तुति के पश्चात भजन भाव तारा है सारा जमाना प्रभु हमको भी तारो, आयेंगे मेरे श्री राम आज मेरा मन कह रहा है आदि अनेक भाव आदि सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इसके पश्चात् जगवती प्रकाश धर्मार्थ संस्थान शुकतीर्थ की और से राकेश गर्ग, अनिल बंसल, शैलेंद्र किंगर द्वारा संत सेवा की गई। उत्सव में अतुल कुमार गर्ग, अजय गर्ग, सुभाष गर्ग, सुभाष गोयल, राजीव तायल, सुरेंद्र कुमार सिंघल, संगीता शर्मा, रेणु तायल, अनीता गर्ग, विजय शंकर शर्मा, संजीव वर्मा, अम्बरीश पालीवाल, सचिन वर्मा आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

नव दलित लेखक संघ की कार्यकारिणी का गठन

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। नव दलित लेखक संघ की दो चरणों में सम्पन्न हुई। प्रथम चरण में गत वर्ष की कार्यवाही पर प्रकाश डालते हुए महासचिव रहे डॉ. अमित धर्म सिंह ने बताया कि गत वर्ष 14 सितंबर में हिंदी दिवस के दिन नदलेस का गठन करते हुए एक वर्ष में करीब 33 छोटे-बड़े कार्यक्रम और गोष्ठियां संपन्न की। वहीं वार्षिक संकलन सोच का प्रकाशन करने के साथ नदलेस का संविधान व वार्षिक नामा तैयार किया। भारतीय दलित साहित्य एवं साहित्यकार कोश निर्माण की योजना बनाने के साथ नदलेस के विस्तार के लिए देश के तमाम राज्यों में राज्य कार्यकारिणी बनाने हेतु कुछ राज्यों के दलित रचनाकारों को आह्वान पत्र भेजा गया। इस दौरान ईश गंगानिया ने अध्यक्ष रहे डॉ. अनिल कुमार का माल्यार्पण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नदलेस से जुड़ना एक शानदार अनुभव रहा। बैठक के दूसरे चरण में नदलेस कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष डॉ. कुसुम वियोगी, उपाध्यक्ष मदन लाल राज, महासचिव डॉ. अमित धर्मसिंह, सचिव डॉ. अमिता मेहरोलिया, संयुक्त सहसचिव डॉ. हरकेश कुमार व बृजपाल सहज, संयुक्त प्रचार सचिव हुमा खातून व सोमी सैन, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार, सदस्य डॉ.गीता कृष्णांगी, महिपाल बनाए गए। ऑनलाइन सहमति के आधार पर नीरज सौदाई, समय सिंह जोल, रोक्सी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। पूर्व कार्यकारिणी के बतौर संरक्षक मंडल में सदस्य रहे डॉ. रामनिवास, कर्मशील भारती और पुष्पा विवेक को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. कुसुम वियोगी ने कहा कि नदलेस ने अध्यक्ष पद के योग्य समझा, इसके लिए सभी सदस्यों का हृदय से आभारी रहूंगा और यह विश्वास दिलाता हूं कि नदलेस की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। अध्यक्षता कर रहे ईश गुमार गंगानिया ने दलित शब्द के प्रयोग पर प्रश्न चिन्ह लगाने के साथ ही टूटते जा रहे संगठनों के आलोक में अब नदलेस की पारदर्शिता, प्रतिबद्धता और लोकतांत्रिक ढंग से कार्य करते रहने की प्रसंशा की। संचालन डॉ. अमित धर्मसिंह ने किया।

अर्पण बैंकेट हॉल में कथारूपी अमृतवर्षा करते महाराजश्री व उपस्थित श्रद्धालुगण कथा का रसपान करते हुए।

अज्ञात वाहन की चपेट में दो छात्र घायल

खतौली, १८ सितम्बर (बु.)। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार दो छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार गांव सरायरसूलपुर निवासी छात्र लविश व अंकुर बाईक द्वारा गांव से खतौली आ रहे थे। बताया जाता है कि गांव बुआड़ा मार्ग पर अज्ञात वाहन के चपेट में आकर दोनों बाईक सवार छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायल छात्रों की चीख पुकार सुनकर मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गयी। नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा गम्भीर रूप से घायल छात्रों को तत्काल सरकारी चिकित्सालय भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा घायलों को रैफर कर दिया है।

खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की *एम.कॉम. की डिग्री, वर्ष 2017, मामांकन संख्या* M12471724, *अनुक्रमांक संख्या* RI1506910688 वास्तव में कहीं खो गई है।

आंचल बालियान
पुत्री श्री रणदीप बालियान
निवासी : संतोष विहार, सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर

वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच ने किया मेधावियों का सम्मान

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। रविवार को वर्मा पार्क स्थित चौ. चरणसिंह सभागार में पूर्व राज्यपाल वीरेन्द्र वर्मा जी के जन्म दिवस पर मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इससे पूर्व प्रातः 9 बजे यज्ञ के आयोजन के साथ वर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन के संस्करण सुनाए गए। दोपहर को संपन्न हुए सम्मान समारोह में मुख्य रूप से देवी सिंह सिंभालका व पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश, दल सिंह वर्मा, डॉ. सतेन्द्र वर्मा, रामपाल वर्मा, आचार्य गुरूदत्त आर्य, सपा नेता प्रमोद त्यागी, योगराज सिंह, हासानन्द शर्मा व मुफ्ती जुल्फिकार आदि बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सम्मान समारोह में शत- प्रतिशत अंक पाने वाली दिया नामदेव शामली को 21०० रुपए, आर्यन मलिक, देवांश पंवार व नंदनी अरोरा शामली के अलावा खतौली के चन्द्रिका अहलावत को 11००-11०० रुपए नकद पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान मुख्य रूप से उमादत्त शर्मा, जगदीश अरोरा, सुन्दर पाल सिंह, ब्रजवीर सिंह, यशपाल सिंह, विश्वबुधु, मनोज राठी, संजीव कुमार, रविन्द्र, भोपाल सिंह, रामपाल, इन्द्रजीत सिंह, वीरेन्द्र सिंह, कंवरसैन, गजेन्द्र पाल, ओंकार अहलावत, सतेन्द्र कुमार, सत्यवीर सिंह, कृष्णपाल निर्वाल, चन्द्रवीर सिंह, कुलदीप सिवाच, प्रविन्द्र दहिया आदि मौजूद रहे।

कलाल समाज ने जागरूकता के लिए किया चिंतन

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। जनपद मुजफ्फरनगर में समाज की बेहतरी एवं उत्थान को लेकर रविवार को सार्कत कॉलोनी स्थित केतन कर्णवाल के आवास पर कलाल समाज की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ऋषि राज वालिया व संचालन विजय कलाल ने किया। रविवार को संपन्न हुई बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने जनपद में कलाल समाज के संगठन पर विचार मंथन किया। इस दौरान जनपद में कलाल समाज की कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कलाल समाज की नई कार्यकारिणी के गठन के साथ कमेटी के सभी पदों पर जिम्मेदार लोगों को इस बीच मनोनीत किए जाने वाले नामों पर भी विचार किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कलाल समाज से जुड़े कर्णवाल, वालिया, जयसवाल आदि एकजुट तथा संगठित हो कर समाज की बेहतरी के लिए कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से प्रमोद कर्णवाल, वीरेन्द्र वीर सिंह, संजीव कर्णवाल, केतन कर्णवाल, सुशील कर्णवाल, राजेश कर्णवाल, मनीष वालिया, रविंद्र कर्णवाल, योगेश कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

आज से डीएवी इंटर कॉलेज में लगेगी दो दिवसीय प्रदर्शनी

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। देशभर के साथ जनपद में शुरू सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार 19 सितंबर से मंगलवार 20 सितंबर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर वृहद प्रदर्शनी का आयोजन आर्य समाज रोड पर स्थित डीएवी इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। शासन से जारी निर्देशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बीते 17 सितंबर से २० अक्टूबर तक जनपद में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। अभियान की इस कड़ी में सोमवार 19 सितंबर से 20 सितंबर तक प्रधानमंत्री के जीवन चरित्र पर दो दिवसीय वृहद प्रदर्शनी का आयोजन सूचना विभाग के सौजन्य से डीएवी इंटर कॉलेज के हॉल में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ जनप्रतिनिधि द्वारा प्रातः 11 बजे किया जाएगा। प्रशासन की ओर से इस प्रदर्शनी के माध्यम से देश की प्रगति में प्रधानमंत्री के रूप में किए गए कार्यो को इस बीच विस्तृत रूप से दिखाने की सरकार की योजना है, ताकि देश की भावी पीढ़ी को सत्यता के साथ विकास की दिशा में बढ़ रहे कदमों की ताल को देखने का अवसर मिल सकें।

चेहलुम की मजलिस में जुटे शिया सौगवार

मातमी जुलूस निकालकर कर्बला के शहीदो को याद किया

भोपा, 18 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव रहकड़ा में चेहलुम की मजलिस का आयोजन अंजुमन अब्बासिया द्वारा किया गया, जिसमें मौलाना जमाल हैदर ने अपने सम्बोधन में हजरत अली की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने पर बल दिया। साथ ही शिया सोगवारों द्वारा जंजीरों का खूनी मातम किया गया व जुलजुना को बरामद किया गया। जुलूस के दौरान भारी पुलिसबल सुरक्षा में तैनात रहा। मजलिस का आगाज हैदर मेंहदी व शबी हैदर द्वारा सौजख्वानी पर किया गया व मरसियाख्वानी की गई। इसके दौरान मौलाना जमाल हैदर ने कहा कि हजरत अली की शिक्षाओं का अनुसरण कर जीवन को कामयाब किया जा सकता है। हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी अहिंसा की शिक्षा देती है। अन्याय के विरुद्ध उठी आवाज ने न्याय को जिन्दा किया। हजरत अली के मानने वाले व हजरत इमाम को जानने वाले कभी गलत नहीं हो सकते। इस्लाम अहिंसा व न्याय की शिक्षा देता है। इंसाफ के लिए कुर्बानी जन्नत का रास्ता प्रशस्त करती है। नबी के नवासों ने करबला में इंसाफ व न्याय के लिए अपनी जान की कुर्बानी देकर इस्लाम को जिन्दा किया। इसके उपरान्त शिया सौगवारों द्वारा जानसठ, १८ सितम्बर (बु.)। कस्बा में चेहल्लुम पर कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन व उनके ७२ अनुयायियों की शहादत में मजलिस कर मातमी जुलूस निकालकर कर्बला के शहीदो को याद किया। रविवार को कस्बे में कर्बला के मैदान में शहीद हुए इमाम हुसैन व उनके ७२ अनुयायियों की शाहदत में ४० दिन बाद चेहल्लुम मनाया जाता है। इस दौरान इमामबाड़ा रंग महल में एक मजलिस का आयोजन किया गया, वहीं मौलाना सैयद अमीर हैदर जैदी ने तकरीर करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने इस्लाम और मानवता के लिए यजीदियों की यातनाएं सही। करबला के मैदान में हुसैन का मुकाबला ऐसे जालिम व जाबिर शख्शियत से था, जिसकी सरहदें मुलतान और आगे तक फैली हुई थी। उसके जुल्म को रोकने के लिए इमाम हुसैन आगे बढ़े व मात्र ७२ अनुयायियों के साथ युद्ध करते हुए शहीद होकर दुनिया को रोशनी दिखाने का काम किया। हजरत इमाम हुसैन की शहादत को सुनकर शिया सोगवार फूट-फूटकर रोने लगे। इसके बाद अलम व जुलजूनाह के साथ शिया सोगवारो नौहा खानी पढ़ते व मातमी जुलूस मौहल्ला गंज स्थित कर्बला पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान अब्बास अली खा, आरिफ सभासद, जफर अली, जफर कौशल मियां, इमरान, दानिश, सालिम, हिलाल अली आदि मौजूद रहे।

खूनी मातम कर सीनाजनी की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रवेज हसन, सुहैल जैदी, जफर जैदी, मोनिश, नदीम, उरूज, जावेद, जौहर मेंहदी, सलमान, आरिश, पीरू, मीसम जैदी, सोनू, मटरू मियां चेयरमैन, कैसर, विक्की, जहूर मेहंदी, असगर जैदी आदि सहयोगी के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में भारी पुलिसबल तैनात रहा।

खतौली में श्री गोगा जहारवीर का ऐतिहासिक मेला प्रारम्भ

खातौली, १८ सितम्बर (बु.)। साम्प्रदायिक सौहार्द व भाईचारे की मिसाल बनकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पहचान बनाने वाला खतौली श्रावणी मेला जहां पालिका प्रशासन की उदासीनता के फलस्वरूप अपनी पहचान के रूप में सिमटता जा रहा है। वहीं नगर के इतिहास में प्रथम बार पूजा अर्चना व उद्घाटन कार्यक्रमों को दरकिनार धार्मिक मेले के शुभारम्भ का शुरू किया जाना जहां नगरपालिका बोर्ड व प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता व कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता दिखाई पड़ रहा है। वहीं इस वर्ष मेले की समस्त परम्पराओं के टूटने से प्राचीन ऐतिहासिक धार्मिक श्रावणी मेले के भविष्य को लेकर नागरिकों के मनों में अनेक प्रकार की शंकाए जन्म लेने लगी हैं। मिली जानकारी के अनुसार मेला मेल मिलाप का पर्यायवाची शब्द है। भारत में मेले जहां आस्थाओं से जुड़े हैं। वहीं समाज की संजीवनी शक्ति है। इसी श्रृंखला में नगर का ऐतिहासिक खतौली श्रावणी मेला है, जो साम्प्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारे की एक मिसाल है। नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में जी.टी. रोड पर नगर सीमा में लगने वाला श्रावणी मेला जहां पूर्व में मनोरंजन के साधनों सहित

ममता बनर्जी पर टीएमसी सांसद प्रसून बनर्जी ने उठाया सवाल

कोलकाता, 18 सितंबर (वार्ता)। पश्चिम बंगाल में विपक्ष से जूझ रही ममता बनर्जी पर अपने भी सवाल उठाने लगा है। ताजा मामले में टीएमसी के सांसद प्रसून बनर्जी ने बंगाल के सीएम द्वारा कैबिनेट में मंत्रियों के चयन पर सवाल उठाया है। उन्होंने मदन मित्रा को खेल मंत्री के रूप में कैबिनेट का हिस्सा न बनाने पर ऐतराज जताया है। हावड़ा के बाली में आयोजित पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह बात कही। इस दौरान मदन मित्रा उनके साथ मंच पर मौजूद थे। वहीं प्रसून बनर्जी के बयान पर पार्टी के अंदर बवाल मचने लगा है। पार्टी नेता इसे कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन बता रहे हैं। वहीं भाजपा ने इसको लेकर तंज कसा है।

मीट कारोबारी से मांगी रंगदारी

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। एक मीट कारोबारी से कारोबार करने की एवज में रंगदारी मांगी जा रही है। रंगदारी न देने पर आरोपी ने कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी है। इतना ही नहीं रंगदारी देने से इन्कार करने पर आरोपी ने कारोबारी का ट्रक रुकवाकर चालक को धमकी दी। खौफजदा कारोबारी ने सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मेरठ जनपद के सरधना कोतवाली क्षेत्र के खिर्वा निवासी मैराज मीट कारोबारी है। मैराज का कैराना में मीट प्लांट है। वह बिजनौर समेत अन्य जनपदों में लाइसेंसधारी दुकानदारों को भैंस के मीट की सप्लाई करता है। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व उसके पास आफताब नामक युवक का फोन आया। युवक ने हर माह 50 हजार रुपये प्रति गाड़ी रंगदारी की मांग की। कारोबारी ने रंगदारी देने से इंकार कर दिया। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व आफताब व उसके साथियों ने उसका एक ट्रक खतौली क्षेत्र में रोक लिया और रंगदारी न देने पर चालक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। चालक ने मालिक को सूचना दी। मैराज ने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने आफताब नामक युवक के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

मदरसों को बम से उड़ा देना चाहिए: यति नरसिंहानंद

अलीगढ़, 18 सितंबर (वार्ता)। मदरसों में हो रही सर्वे को लेकर विवाद के बीच यहां पहुंचे श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने एक बार फिर विवादित बयानबाजी कर डाली। उन्होंने एएमयू का नाम लिए बगैर कहा, मदरसों की तरह ही इसका भी हश्र होगा। एक भागवत के समापन के मौके पर अलीगढ़ पहुंचे महामंडलेश्वर ने हिंदुओं से अपील करते हुए कहा, सभी त्यागी समाज के साथ आएं। उन्होंने कहा, देश में मदरसों पर आपत्ति जताते हुए कहा, मदरसे होने ही नहीं चाहिए, इन्हें तो बारूद से उड़ा देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, मदरसों में हो विद्यार्थी रहते हैं उन्हें ऐसे शिविरों में भेज देना चाहिए जहां कुरान नाम का वायरस निकाला जा सके। भारत के विभाजन को लेकर महामंडलेश्वर ने मदरसे को इस्लाम का सबसे बड़ा गढ़ बताया। उन्होंने कहा, पूरी बिल्डिंग को ध्वस्त कर देना चाहिए। मदरसे में रहने वाले लोगों को डिटेंसन सेंटर भेजा जाना चाहिए। विवादित बयान वाले सवाल पर महामंडलेश्वर ने कहा, सच बोलते हैं तो मुकदमे लगते हैं, हो सकता है आज भी कोई मुकदमा दर्ज हो जाए। उन्होंने अपने लिए कभी कुछ नहीं कहा। वह हमेशा जनता के लिए सरकार से मदद मांगते हैं।

शेष : अग्निवीर भर्ती परीक्षा....

जोन तथा 9 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन के प्रभारी क्षेत्राधिकारी रैंक तथा प्रत्येक सेक्टर का प्रभारी निरीक्षक को बनाया गया है। सेना भर्ती के लिए जनपद में कुल 10 क्षेत्राधिकारी, 75 निरीक्षक, 165 उपनिरीक्षक, 1200 मुख्य आरक्षी व आरक्षी तथा 70 यातायात पुलिसकर्मियों की शिफ्टवार (दिन एवं रात्रि) में ड्यूटी लगाई गयी है, जो 19 सितम्बर से शुरू होकर भर्ती समाप्ति तक 24 घण्टे जारी रहेगी। साथ ही स्टेडियम के अतिरिक्त बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि शहर के 7 मुख्य स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं पीएसी बल मुस्तैद किया गया है एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाने हेतु 5 क्यूआरटी लगाई गयी हैं। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भर्ती स्टेडियम, नुमाईश ग्राउण्ड तथा सेना भर्ती मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा रही है। मुजफ्फरनगर पुलिस सोशल मीडिया पर भी 24 घंटे नजर बनाए हुए है। अफवाह फैलाने अथवा कोई भ्रामक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ब्रीफिंग के दौरान कर्नल सोमेश जसवाल, अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी नई मण्डी, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

चंडीगढ़ में छात्राओं के नहाते हुए वीडियो वायरल होने पर बवाल

➲भारी हंगामे और प्रदर्शन के साथ छात्रों व पुलिस में नोंकझोंक ➲पुलिस ने कहा–साठ नहीं, एक छात्रा का वीडियो मिला ➲वीडियो बनाने के आरोप में छात्रा और उसका दोस्त गिरफ्तार

चंडीगढ़, 18 सितंबर (वार्ता)। मोहाली की नामी निजी यूनिवर्सिटी में शनिवार देर रात साठ छात्राओं के नहाते समय लिए गए वीडियो वायरल होने के बाद जमकर बवाल हुआ। इस दौरान यह भी खबर फैली कि आठ छात्राओं ने आत्महत्या का प्रयास किया है। आरोप है कि हॉस्टल में रही एक छात्रा ने अन्य छात्राओं के अश्लील वीडियो बनाकर शिमला में बैठे दोस्त के माध्यम से सोशल मीडिया पर वायरल करा दिए। जैसे ही छात्राओं को पता चला तो यूनिवर्सिटी में हड़कंप मच गया। हजारों छात्र-छात्राओं ने जमकर प्रदर्शन किया। वहां पहुंची पुलिस की गाड़ियों को पलट दिया गया। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

छात्रा ने खुद अपना वीडियो बनाया: पुलिस

चंडीगढ़। पुलिस और विश्वविद्यालय की तरफ से कहा गया है कि गिरफ्तार की गई लड़की ने खुद का ही वीडियो बनाया था और उसे अपने ब्वाय फ्रेंड को भेजा था। प्रदर्शन को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कक्षाओं को दो दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि पकड़ी गई छात्रा ने अपना ही वीडियो हिमाचल प्रदेश के बताए जा रहे एक व्यक्ति को साझा किया। उन्होंने कहा कि उस शख्स की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

आरोपी छात्रा व उसके ब्वाय फ्रेंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बीती रात वीडियो वायरल होने की खबर फैलते ही छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया और नारेबाजी शुरू हो गई। इसी बीच एक छात्रा को दिल का दौरा पड़ गया, जबकि कुछ की तबीयत बिगड़ गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मोर्चा संभाला। हालांकि एसएसपी विवेकशील सोनी ने पूरे मामले का खंडन किया और कहा कि आरोपी लड़की ने केवल अपने ही वीडियो भेजे थे। किसी और लड़की के नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान एक लड़की की तबीयत बिगड़ी थी। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालांकि किसी की मौत नहीं हुई है। पंजाब पुलिस आरोपी युवक की तलाश में शिमला पहुंची और वहां से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार छात्रा ने अपने मोबाइल में आरोपी युवक की तस्वीर भी दिखायी थी। पंजाब पुलिस ने कहा था कि छात्रा शिमला में रहने वाले आरोपी युवक को अच्छी तरह जानती है। पुलिस का कहना है कि छात्रा के मोबाइल कि फोरेंसिक जांच होने के बाद बाकी जानकारी सामने आएगी। सीएम भगवंत मान ने पूरे मामले की निंदा करते हुए कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की घटना सुनकर दुख हुआ...हमारी बेटियां हमारी शान हैं। मैंने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मैं लगातार प्रशासन के संपर्क में हूं। आप सब से अपील करता हूं कि अफवाहों से बचें। एडीजीपी गुरप्रीत देओ ने पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी लड़कियों से बात हुई है। प्रदर्शन करने वालीं लड़कियां कोई और थीं, जो लड़कियां प्रभावित हुईं, उनकी बात सामने आई ही नहीं। हमने एक लड़की को गिरफ्तार किया है, जिसने बाथरूम के दरवाजे के नीचे से लड़कियों की वीडियो बनाई थी, लेकिन उसने शिमला में अपने बॉयफ्रेंड को अपनी ही वीडियो भेजी है।

वीडियो शेयर नहीं करने की अपील

चंडीगढ़। वायरल वीडियो को लेकर यह अपील की जा रही है कि इस वीडियो को सोशल मीडिया, व्हाट्सएप या किसी अन्य माध्यम पर शेयर ना करें। ऐसे में सोनू सूद ने रविवार को ट्वीट कर लिखा, 'चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में जो कुछ भी हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह समय है कि हम अपनी बहनों के साथ खड़े हों और एक जिम्मेदार समाज की मिसाल कायम करें। यह हमारे लिए परीक्षा का समय है... पीड़ितों के लिए नहीं, जिम्मेदार बनिए।

छात्रा ब्वाय फ्रेंड को भेजती थी वीडियो

चंडीगढ़। बताया गया है कि यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में एक छात्रा रोजाना हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों के वीडियो बनाती थी। वह उनके कपड़े बदलने या नहाने के समय ही यह वीडियो बनाती थी। जिसके बाद अपने दोस्त को भेजती थी। लड़कियां कुछ दिनों से उसे नोटिस कर रही थी। लेकिन शनिवार को लड़कियों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद संस्थान के अधिकारियों को सूचित किया। मौके पर लड़की से पूछताछ की गई। इस दौरान लड़की ने माना कि वह अपने दोस्त को वीडियो भेजती थी। वह अपने दोस्त के कहने पर ही सारी कार्रवाई को अंजाम देती थी। पूरे मामले में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने भी बयान जारी किया है। यूनिवर्सिटी के अनुसार, अन्य छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो शूट करने की बात पूरी तरह से झूठी और निराधार हैं। किसी भी छात्रा का कोई वीडियो आपत्तिजनक नहीं मिला, सिवाय एक लड़की द्वारा शूट किए गए एक निजी वीडियो के, जिसे उसके प्रेमी के साथ साझा किया गया था।

कॉलेजों में प्रवेश के लिए तीसरी व आखिरी मैरिट जारी

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। डिग्री कॉलेजों में प्रवेश के लिए शाकुंभरी देवी विश्व विद्यालय की तीसरी व आखिरी कटऑफ मैरिट लिस्ट विश्वविद्यालय ने रविवार को जारी कर दी। जनरल की मैरिट कम तो हुई लेकिन अभी भी कई कई संकायों में 70 फीसदी तक भी दाखिले नहीं हुए। हांलाकि- शहर के चारों महाविद्यालयों में तीसरी लिस्ट के आधार पर छात्र-छात्राओं में दाखिले को लेकर मारा मारी रही। तीसरी कटाऑफ लिस्ट के आधार पर 21 सितंबर तक छात्र-छात्राएं अपने मंद पसंद विद्यालय में दाखिला ले सकते है। रविवार को शाम के समय जारी हुई शाकुंभरी देवी विश्व विद्यालय की तीसरी कटऑफ मैरिट लिस्ट के आधार पर कालेजों में दाखिले शुरू हो जाएगा। बता दें कि जहां पहली लिस्ट के आधार कालेजों में दाखिले को लेकर भारी मारी मारी रही वही दूसरी कट ऑफ के आधार पर कम छात्रों ने दाखिला लेने में रूचि दिखाई थी। वही अब बची बाकि सीटी पर कालेजों में दाखिले को लेकर मारा मारी रहेगी। वहीं तीसरी कटऑफ में नंबर नहीं आने पर छात्रों को निराश होने की जरूरत नहीं है। छात्र 23 सितंबर के बाद विश्वविद्यालय द्वारा जारी ऑपन लिस्ट के आधार पर दाखिले ले सकते हैं।

दलित मां-बेटी की सिर कूचकर हत्या

गजरौला, 18 सितंबर (वार्ता)। दलित मां-बेटी की सिर कूचकर हत्या कर दी गई। दोनों की लाश रविवार को एक चारपाई मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई। वहीं मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। ये मामला गजरौला के ब्रजघाट चौकी क्षेत्र के काकाठेक गांव का है। शनिवार रात 38 वर्षीय मां मिथलेश अपनी 12 साल की बेटी यशी के साथ एक ही चारपाई पर सो रही थी। रात में किसी ने घर में घुसकर मां-बेटी दोनों की निर्मम हत्या कर दी। रविवार सुबह छह बजे मोहल्ले की एक महिला उसके घर पहुंची तो चारपाई पर मां-बेटी की लाश देखकर घबरा गई और शोर मचाने लगी।

श्राद्ध पक्ष में गोलोकधाम में रोजमर्रा सजती है अद्भुत रंगोली

➲कभी मिठाई, कभी चॉकलेट तो कभी सब्जियों से तैयार की जाती है रंगोली
➲शाम की आरती के बाद भक्तों में बांटी जाती है रंगोली में प्रयुक्त खाद्य सामग्री

गोलोक धाम में पित्र पक्ष के अवसर पर सजी सुंदर रंगोली तथा भक्ति में लीन श्रद्धालु। फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। गांधी कॉलोनी के गोलोकधाम मंदिर में श्राद्ध पक्ष में अद्भुत रंगोली सजती है। शायद कम लोग ही यह जानते होंगे। कभी मिठाई, तो कभी चॉकलेट और कभी सब्जियों की रंगोली सजती है। भक्त भी श्रद्धाभाव से इन रंगोलियों में अपनी भागीदारी करते हैं ताकि वह अपने पित्रों और पूर्वजों को प्रसन्न कर सकें। हर रोज शाम की आरती के बाद रंगोली में प्रयुक्त किये गए खाद्य पदार्थ श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किये जाते हैं।

गोलोकधाम मंदिर में श्राद्ध पक्ष में रंगोली की यह परम्परा बरसों से चली आ रही है। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम भी रविवार को रंगोली देखने की उत्सुकता में गोलोकधाम पहुंच गयी। गोलोकधाम में श्राद्ध पक्ष के पहले दिन मिठाई की रंगोली सजी हुई थी। अनेक प्रकार की मिठाईयों को इस ढंग से सजाया गया था जो एक तरह से कलश का रूप प्रदर्शित कर रही थी। गोलोकधाम मंदिर के सेवादार हरिकृष्ण भोला ने बताया कि ठाकुर जी के सम्मुख श्राद्ध पक्ष में प्रतिदिन रंगोली बनाई जाती है, इसको सही मायने में सांची कहा जाता है। ब्रज की भाषा में इसका नाम सांची है। ऐसा बताया जाता है कि पित्रों ने ठाकुर जी से अनुरोध किया था कि आपने बृज में बहुत लीलाएं की लेकिन उन्हें नहीं बुलाया गया। तब जाकर ठाकुर जी ने सब पितरों को सांची के माध्यम से अपनी लीलाओं का दर्शन कराया था। उसी परम्परा को निभाते हुए ब्रज में बहुत सुंदर सुंदर कई तरह-तरह की रंगोली बनाई जाती हैं। आज भी बरसाना और गोकुल में सब जगह रंगोली सांची बनाई जाती है। गोलोक धाम मंदिर भी उसी परम्परा के अनुसार श्राद्ध पक्ष में रंगोली बनाई जाती है। शाम की आरती के पश्चात इस रंगोली को प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को वितरित किया जाता है। हर दिन अलग तरह की रंगोली बनाई जाती है। जैसे चॉकलेट, मिठाई, सब्जी, फल, मेवे आदि। मंदिर से जुड़े विष्णु प्रसाद बताते हैं कि श्राद्ध पक्ष में इस रंगोली की ऐतिहासिक महत्ता है। श्रद्धालु हर रोज अपने पितरों को प्रसन्न करने के लिए यहां आते हैं और सांची की पूजा अर्चना करते हैं।

सेना भर्ती में होने युवाओं के लिए होगी खाने-पीने व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था : संजीव बालियान

➲वेदांता फार्म में उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल व राकेश बिंदल करेंगे सेवा कार्य

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। वेस्ट यूपी में देश की पहली अग्रिवीर सेना भर्ती रैली का आगाज कल से शुरू होने वाला है, जिसके लिए प्रशासन के साथ सेना भर्ती से जुड़े आर्मी अधिकारियों ने रविवार को तमाम तैयारियों की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। मुजफ्फरनगर जनपद में इस बीच सेना भर्ती में शामिल होने वाले 13 जनपदों से युवा अभ्यार्थियों के लिए केंद्रीय मंत्री व मुजफ्फरनगर के सांसद डॉ. संजीव बालियान ने मेरठ रोड स्थित वेदांता फार्म पर शाम को निःशुल्क खाने और ठहरने की व्यवस्था की है।

केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की पहल और उनके प्रयासों पर जनपद में आयोजित अग्रिवीर भर्ती रैली के लिए जिले के 3 समाज सेवियों व प्रशासन की ओर से अग्रिवीर सेना भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं के लिए शाम को खाने और ठहरने का इंतजाम किया है, जिसमें 13 जिलों के अभ्यार्थियों के खाने-पीने के साथ ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। केंद्रीय मंत्री के प्रयास से सेना की चौथी सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर उन्होंने बताया कि 20 सितंबर से 10 अक्टूबर तक होने वाली अग्रिवीर सेना भर्ती में 13 जिलों में मुजफ्फरनगर के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बिजनौर, हापुड़, शामली, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बागपत, बुलन्दशहर व सहारनपुर के अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती में आने वाले अभ्यर्थियों को मेरठ रोड स्थित वेदांता फार्म हाउस पर युवाओं को ठहराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछली भर्तियों की तरह ही इस बार भी युवाओं के लिए समाजसेवी एवं उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल और राकेश बिंदल की ओर से शाम को खाने-पीने और प्रशासन की ओर से ठहरने का इंतजाम किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को जनपद में सेना भर्ती के बीच में किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वेदांता फार्म हाउस भर्ती स्थल नुमाइश ग्राउंड और चौधरी चरण सिंह स्पोटर्स स्टेडियम से ज्यादा दूरी पर भी नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में भर्ती के दौरान युवाओं को रात के समय में इधर-उधर ठहराना पड़ता था। इसके साथ सेना भर्ती में आने वाले युवाओं के वाहनों की पार्किंग का भी अलग से इंतजाम किया गया है।

महारानी एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार का सिनेमाघरों में होगा लाइव प्रसारण

लंदन, 18 सितंबर (वार्ता)। लंदन के वेस्टमिंस्टर एबे में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सोमवार सुबह होने वाले राजकीय अंत्येष्टि कार्यक्रम के प्रसारण के लिए ब्रिटेन के विभिन्न पार्कों में विशाल स्क्रीन लगाई जाएंगी। साथ ही कई सिनेमाघर भी कार्यक्रम के प्रसारण के लिए तैयारी कर रहे हैं। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का आठ सितंबर को स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल में 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। महारानी का पार्थिव शरीर वेस्टमिंस्टर हॉल में रखा गया है और उनके अंतिम संस्कार की रस्में सोमवार सुबह वेस्टमिंस्टर एबे में होंगी। पिछले 57 वर्षों में ब्रिटेन का पहला राजकीय अंतिम संस्कार एक सख्त प्रोटोकॉल और सैन्य परंपरा के तहत होगा, जिसके लिए कई दिनों से अभ्यास जारी है। संस्कृति, मीडिया एवं खेल विभाग (डीसीएमएस) ने कहा कि सोमवार को ब्रिटेन में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है और अंत्येष्टि कार्यक्रम के लिए जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर लंदन में कई सार्वजनिक स्थान चिन्हित किए गए हैं। विभाग ने कहा कि दिवंगत महारानी के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्रदर्शित करने के लिए रविवार रात आठ बजे सामुदायिक समूह, क्लब, अन्य संगठनों के अलावा घरों में भी आम लोगों को एक मिनट का मौन रखने को कहा जा रहा है।

छेड़खानी करने वाले युवक को युवती ने 25 सेकंड में मारीं 50 चप्पलें

उरई, 18 सितंबर (वार्ता)। यूपी के उरई जिले के कोंच कस्बे के एक मोहल्ले में एक युवक को युवती से छेड़खानी करना भारी पड़ गया। जहां युवती ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शराब के नशे में धुत छेड़खानी करने वाले युवक को पकड़ लिया और उस पर चपप्लों की बारिश कर दी। युवती द्वारा चप्पलों से की जा रही पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आई और युवक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की। युवती द्वारा मारपीट किये जाने का वीडियो 2 दिन पुराना बताया जा रहा है।

पांच लाख रुपये न मिलने पर दुष्कर्म का वीडियो किया वायरल

➲सात बच्चों के पिता ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म कर बनाया वीडियो

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। सात बच्चों के बाप ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया और किशोरी के परिजनों से 5 लाख रुपयों की मांग की। मांग पूरी ना होने पर आरोपी ने नाबालिग किशोरी का अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दधेड़ू में 7 बच्चों के बाप ने एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर घर ले जाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी ने अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर किशोरी के परिजनों से 5 लाख रुपयों की मांग की औा मांग पूरी ना होने पर आरोपी ने अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर पीड़िता के परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

बाइक चोरी

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)। नई मंडी क्षेत्र से वाहन चोर एक बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। सिखेड़ा थानाक्षेत्र के गांव खेड़ी विरान निवासी सचिन ने नई मंडी कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह जानसठ रोड स्थित पेपर मिल में नौकरी करता है। बीती 15 सितंबर की रात वह ड्यूटी पर गया था। उसने अपनी बाइक मिल की पार्किंग में खड़ी की थी। अज्ञात चोरों ने पार्किंग से उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शेष : गांधी कॉलोनी पुल.....

बीच एक खाली इंजन मंगाकर उसे मेन ट्रैक पर चला कर देखा गया कि क्या वहां किसी ट्रेन के गुजरने से कोई खतरा तो नहीं है। संतुष्ट होने के बाद रेलगाड़ियों को वहां कांशन के साथ निकालने का फैसला लिया गया। रेल अधीक्षक का कहना है इस घटना से रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ है। दूसरी ओर रेलवे ट्रैक पर फंसे ट्रक को वहां से हटवाने के लिए हाई ड्रोलिक मशीनें मंगाई गई हैं, क्योंकि ट्रक काफी बड़ा और भारी होने के साथ ट्रैक पर बुरी तरह से फंसा हुआ था। आरपीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि ट्रक को हटवाने के लिए मशीनें मंगाई गई हैं और ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

ताइवान में तेज भूकंप के झटके, ट्रेन के डिब्बे पलटे, घर भी तबाह

ताइपे, 18 सितंबर (वार्ता)। ताइवान में रविवार को एक बार फिर भूकंप का झटका महसूस किया गया है। इस तरह पिछले 24 घंटों के अंदर दूसरी बार यहां पर भूकंप आया है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.2 बताई गई है और इसने यूजिंग जिले को प्रभावित किया है। इससे पहले शनिवार को भी यहां भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया गया। यह भूकंप 6.9 की तीव्रता से दक्षिणी पूर्वी ताइवान में आया था। इसके चलते यहां पर एक बिल्डिंग गिर गई थी और सड़कें फट गई थीं। बताया जाता है कि भूकंप के चलते यहां पर कई घरों को नुकसान हुआ है। इसके अलावा भूकंप के चलते ट्रेन के कुछ डिब्बों के भी पलट जाने की घटना सामने आई है। पूर्वी ताइवान में डोंगली स्टेशन पर ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि फायर डिपार्टमेंट ने किसी के घायल न होने की बात कही है। वहीं सीनिक चीक और लिउशिशि माउंटेन इलाकों में करीब 600 लोग फंसे हुए हैं। यहां पर फायर डिपार्टमेंट ब्लॉक हो चुकी सड़कों को खोलने के प्रयास में लगा हुआ है।

चित्रकूटधाम के आयुक्त और डीएम समेत आठ अफसर लखनऊ तलब

बांदा, 18 सितंबर (वार्ता)। भ्रष्टाचार पर नकेल कसने को लेकर यूपी सरकार का एक्शन जारी है। जनसूचना कानून का पालन न करने पर राज्य सूचना आयोग ने चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त, डीएम समेत आठ अफसरों को लखनऊ में मंगलवार को तलब किया है। साथ ही शीघ्र सूचना देने के भी आदेश दिए हैं। जन सूचनाधिकार के तहत मांगी सूचना उपलब्ध न कराना अफसरों को महंगा पड़ा। आरटीआई एक्टिविस्ट और बुंदेलखंड आजाद सेना अध्यक्ष प्रमोद आजाद के मुताबिक, जनपद व मंडल के विभिन्न शासकीय कार्यालयों से भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए जनसूचना कानून के तहत जानकारियां मांगी थी। जिनको विभिन्न विभागों के जनसूचना अधिकारियों ने अनदेखा कर दिया या फिर शत प्रतिशत सही सूचना उपलब्ध नहीं कराई। इस पर प्रमोद आजाद ने राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ में शिकायत की। राज्य सूचना आयोग ने मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा, जिलाधिकारी बांदा, उपकृषि निदेशक बांदा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बांदा, खंड शिक्षाधिकारी कमासिन, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बबेरू एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत नरैनी को लखनऊ तलब किया है।

शेष : या हुसैन, या हुसैन की सदाओं के बीच ...

फरमाया, जिसमें उन्होंने नवासाए रसूल हजरत इमाम हुसैन की करबला के मैदान में दी गई बेशुमार कुर्बानियों का जिक्र किया। मौलाना ने फरमाया कि हजरत इमाम हुसैन और उनके जां नशीनों ने करबला में बेशुमार कुर्बानियां पेश कर अपने नाना के दीन को बचा लिया, जिसके बाद जुलूस निकला, जिसमें शिया सोगवार शोहदाए करबला को ताजीयत (श्रद्धांजलि) पेश करते हुए आगे बढ़े। जुलूस खालापार टंकी चौक से होता हुआ मीनाक्षी चौक और वहां से आर्य समाज रोड होता हुआ। सादात हास्टल पर जाकर समाप्त हुआ। जुलूस का संचालन जख्मी मुजफ्फरनगरी ने किया। जुलूस में जुलजुना(घोड़ा इमाम) बरामद हुआ। सोगवारों ने उसकी जियारत की। जुलूस में शहर की सभी मातमी अंजुमन नौहाख्वानी व सीनाजनी की, जिनमें हसीन हैदर, मुनव्वर अली, सोनू, मोहम्मद जमा, शाह आलम, असकरी, काशिफ, लारेब व शबी हैदर, जामिन आरफी, शाहजम, जफर आरफी, मो. अस्करी आदि ने नोहाख्वानी की। दिन छिपने पर सादात हास्टल पहुंचकर ताजिये सुपुर्द ए खाक किये गए। बीती रात इमामबारगाह आरफी में भी शब–ए–बेदारी (रातभर जागकर मौला को याद करना) का एहतमाम किया गया, जिसमें अंजुमन आरफी बघरा, अंजुमन सोगवार ए हुसैनी, अंजुमन जानसठ, अंजुमन हैदरी मुजफ्फरनगर और यादगारे हुसैनी दिल्ली के सोगवारों ने सीनाजनी और नोहाख्वानी की। नवाज शाहपुरी ने इमामबारगाह में पढ़ा–हमारे हाथों में क्यों रस्सियां हैं, शिम्र से पूछो। खुले सर क्यों नबी की बेटियां हैं, शिम्र से पूछा। इससे पहले मौलाना रियाज अकबर ने मजलिस को खिताब किया। अंजुमन परस्तारे हक ने मेहमान अंजुमन के इस्तकबाल में नोहाख्वानी की।

कर्ज में डूबे ऑटो रिक्शा ड्राइवर की खुली किस्मत, लगी 25 करोड़ रुपये की लॉटरी

तिरुवनंतपुरम, 18 सितंबर (वार्ता)। किसकी किस्मत कब पलट जाए कोई नहीं जानता। केरल के एक ऑटो ड्राइवर की किस्मत रातों-रात बदल गई। गरीबी से परेशान होकर ड्राइवर ने मलेशिया जाकर शेफ का काम करने का विचार बना लिया था। उसने कर्ज के लिए आवेदन दिया। एक दिन पहले ही उसके कर्ज को मंजूरी मिली और अगले दिन ऐसी खुशखबरी मिली जिसने उसे करोड़पति बना दिया। उसकी 25 करोड़ की ओणम बंपर लॉटरी लग गई। श्रीवाराहम के रहने वाले अनूप ने शनिवार को ही लॉटरी टिकट खरीदा था जिसका नंबर टीजे 750605 है। पहले वह जो टिकट खरीद रहा था, उसे वह पसंद नहीं आया। इसके बाद उसने दूसरा टिकट लिया और यही उसके जीवन का टर्निंग पॉइंट बन गया। अनूप ने बताया, बैंक वालों ने कर्ज देने के लिए मुझे बुलाया था, लेकिन मैंने इनकार कर दिया। अब मुझे मलेशिया नहीं जाना है। अनूप के मुताबिक वह पिछले 22 साल से लॉटरी टिकट खरीदते थे लेकिन अब तक 5 हजार से ज्यादा नहीं जीत सके थे। उन्होंने बताया, मुझे उम्मीद नहीं थी, इसलिए मैं टीवी पर भी रिजल्ड नहीं देख रहा था। बाद में मैंने अपना फोन देखा तो पता लगा कि मैं जीत गया हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा था इसलिए मैंने उस महिला से संपर्क किया जिससे टिकट खरीदा था। उसने भी कन्फर्म किया कि यही जीतने वाला नंब